विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शुक्रवार 10 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 22 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# भाजपा महानगर अध्यक्ष बनने को लेकर आया दावेदारी का सैलाब

**सुबह से लेकर दोपहर तक लगा रहा भाजपा के नेहरू नगर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का हुजूम**

## 63 चेहरों ने देखा महानगर अध्यक्ष बनने का ख्वाब

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के नेहरू नगर स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में सुबह से लेकर शाम तक पार्टी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम लग रहा। यहां महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्र का वितरण और जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रक्रिया के पहले दिन भारी संख्या में महानगर अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के कई प्रमुख चहरों और आम कार्यकर्ताओं से लेकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने आवेदन पत्र लिए और जमा करने का काम किया है। भाजपा के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को 63 भाजपा कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्र लेते हुए जमा करने का काम किया है। इस दौरान भाजपा कार्यालय पर भारी भीड़ देखने को मिली। तो वहीं नामांकन वाला माहौल भी जबरदस्त नजर आया। नामांकन प्रक्रिया के मद्देनजर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, शहर विधायक व वर्तमान अध्यक्ष संजीव शर्मा, मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशा शर्मा, आशु वर्मा के साथ ही पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, एमएलसी दिनेश गोयल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता भी इस दौरान नजर आए।

**प्रदेश सह चुनाव अधिकारी अनिल चौधरी और महानगर चुनाव अधिकारी सिद्धार्थ नाथ सिंह भी रहे मौजूद**







### किसी ने पार्क में भरा पर्चा, तो किसी ने कार में थामी सीट
### किसी ने सीढ़ियों में ली राय, तो किसी ने खुद संभाली कमान



**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी में अध्यक्ष को लेकर इस बार जो नजारा देखने को मिला है, ऐसा पहली बार हुआ है। नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय और उसके आसपास का नजारा गुरुवार को बिल्कुल बदला हुआ था। अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए नामांकन पत्र लेने और भरने वालों में इस कदर जोश दिखाई दे रहा था कि कोई फॉर्म भरने के लिए पार्क में शांति वाला माहौल खोज रहा था। तो कोई अपने प्रमुख प्रस्तावों को और चेहरों के साथ नेहरू नगर स्थित सोसायटियों की सीढ़ियां तलाश रहा थे। किसी ने कार में शांतिपूर्वक फोन पर मंत्रणा करते हुए अपना पत्र भरा, तो कोई कार्यालय की कुर्सी और मेज पर जमा हुआ था। कुल मिलाकर सुबह करीब 12 बजे से शुरू हुई भाजपा महानगर अध्यक्ष पद के आवेदन की प्रक्रिया करीब साढ़े तीन बजे तक चली। जहां 3 :30 बजे के आसपास यहां से महानगर चुनाव अधिकारी सिद्धार्थ नाथ सिंह और भाजपा मुख्यालय पर पहुंचे प्रदेश सह चुनाव अधिकारी अनिल चौधरी बाहर निकले। उसके बावजूद भी यहां का सीन काफी देर तक भीड़ और अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर गर्म नजर आया।

### इन्होंने की है महानगर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश





**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी में इस बार महानगर अध्यक्ष पद के लिए चुनाव का ओपन प्लेटफार्म दिया गया। तो नामांकन पत्र भरने वालों की जैसे बाढ़ सी आ गई हो। चेहरों ने जोर दिखाते हुए अपने पत्र भरे हैं, अपने प्रस्तावों के साइन और शीर्ष नेताओं के आशीर्वाद लेने से लेकर संगठन वाला साथ भी प्रदर्शित किया गया है। इसमें आवेदन करने वालों में अशोक संत, राजीव अग्रवाल, बॉबी त्यागी, हरिमोहन झा वरुण झा, प्रेम त्यागी, मनोज बोहरा, पवन गोयल, सुशील गौतम, कामेश्वर त्यागी, कुलदीप त्यागी, विनोद कसाना, केके शुक्ला, सुधीर त्यागी, चंद्र प्रताप सिंह, पप्पू पहलवान, अश्वनी शर्मा, राजेश त्यागी, राकेश त्यागी, पंकज भारद्वाज, प्रदीप चौहान, संजय कुशवाहा, संजीव त्यागी, मानसिंह गोस्वामी, मयंक गोयल, गौरव चौपड़ा, चमन चौहान, सुरेंद्र नागर, रनिता सिंह, अजय शर्मा, तेजपाल सिंह राणा, सुखदेव त्यागी ,नवनीत त्यागी, राजेश शर्मा, तरुण शर्मा, सचिन डेढ़ा, लेखराज माहौर, अमित प्रताप सिंह, अजय शुक्ला, सरदार सिंह भाटी, विमला रावत, राजू पंचाल, डॉ. उदिता त्यागी ,मोनिका पंडिता, इंदू जौहरी, गोपाल अग्रवाल, राजीव चौहान, देवेंद्र यादव, प्रीति चंद्रा, अजय शर्मा, विवेक गर्ग, मुकेश पांचाल, प्रदीप चौधरी, मुकेश कुमार मुखिया, मदन राय, प्रियंका पांडे, गौरव सोलंकी, मनोज यादव, संदीप पाल, यशपाल पहलवान, वीरेंद्र सारस्वत, हरिकांत शर्मा और रुद्र प्रताप सिंह त्यागी का नाम शामिल है।

### 7 महिला अध्यक्ष दावेदारों ने भी किया है आवेदन



करंट क्राइम : गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के नेहरू नगर स्थित कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्रों का विवरण और जमा करने की प्रक्रिया चालू रही। तो इसमें महिला दावेदारों की भी भागीदारी का उत्साह देखने को मिला है। गुरुवार को कुल 63 चेहरों ने आवेदन पत्र लेकर जमा करने का काम किया है, तो इसमें आधा दर्जन से अधिक महिला कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी शामिल हैं। जिन्होंने अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्र जमा करने का काम किया है इसमें मुख्य रूप से रनिता सिंह, विमला रावत, डॉ. उदिता त्यागी, मोनिका पंडिता, इंदु जौहरी, प्रियंका पांडे और प्रीति चंद्र नाम शामिल है।

### सबसे पहले चमन चौहान और सबसे बाद में रुद्र प्रताप त्यागी ने किया आवेदन

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी में महानगर अध्यक्ष के क्या मायने होते हैं, यह कितना जिम्मेदारी और महत्वपूर्ण पद है, इसका नजारा गुरुवार को नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय में शुरू हुई महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन प्रक्रिया के दौरान देखने को मिला है। कुल 63 चेहरों ने महानगर अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सबसे पहले दावेदारी पेश करने वालों में चमन चौहान रहे तो कागजों में नाम अशोक संत का दर्ज हुआ है। तो वहीं अंतिम दावेदार की लिस्ट में रुद्र प्रताप त्यागी का नाम सामने आया है।

### भाजपा कार्यालय पर लग रहा नेताओं और पदाधिकारियों का हुजूम

करंट क्राइम : गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के नेहरू नगर स्थित कार्यालय के बाहर का नजारा बिल्कुल अलग था। भाजपा कार्यालय के आसपास की रोड



पर दूर तक भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की भगवा झंडा लगी गाड़ियां नजर आ रही थी। तो कुर्ते पैजामे और हाथों में आवेदन पत्र को लेकर पेन थामे नेता नजर आ रहे थे। जैसे ही कोई भाजपा पदाधिकारी और आवेदक वहां पहुंचता था, वहां पहले से मौजूद लोग उनसे राम-राम श्याम-श्याम करने लग जाते थे। तो वहीं एक दूसरे को भी भाजपा नेता देख रहे थे और वह भी फिर नामांकन पत्र लेकर आ रहे थे, ऐसा नजारा एक दो नहीं बल्कि कई बार देखने मिला है। कुल मिलाकर भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को 12 बजे से पहले ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो शाम को 4 बजे के बाद तक जारी रही।



### जब एक साथ नजर आए वर्तमान, पूर्व और भूतपूर्व मेयर

करंट क्राइम : गुरुवार को नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर एक गजब का सीन नजर आया। जहां भारतीय जनता पार्टी के भाजपा महानगर अध्यक्ष पद के आवेदन और पत्र जमा करने की प्रक्रिया चल रही थी। तो इस दौरान पार्टी कार्यालय में भूतपूर्व मेयर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा और वर्तमान महापौर सुनीता दयाल एक ही साथ फोटो क्लिक करते हुए देखे गए हैं। तीनों की एक साथ मुस्कुराने वाली मुद्रा में थे और यह तस्वीर बता रही थी कि कुछ वातालॉप भी चल रही है।

### सिद्धार्थ नाथ सिंह दे गए बड़ा संदेश : क्या पश्चिम का महानगर होगा गाजियाबाद जहां सर्वसम्मति से चुना जाएगा महानगर अध्यक्ष



गाजियाबाद, करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर गुरुवार का सीन बेहद दिलचस्प था। तो यहां महानगर अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रदेश सह चुनाव अधिकारी चौधरी एवं गाजियाबाद महानगर चुनाव अधिकारी सिद्धार्थ नाथ सिंह पहुंचे हुए थे। सिद्धार्थ नाथ सिंह महानगर अध्यक्ष पद के आवेदन पत्र लेने के बाद कार्यालय से बाहर निकले तो मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अभी उनके पास बड़ी संख्या में आवेदन पत्र आए हैं। आवेदन पत्रों को लेकर आगे की प्रक्रिया संगठन और पार्टी के निर्देश पर की जाएगी। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वह एक बात कह रहे हैं कि ऐसा भी हो सकता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद ऐसा महानगर रहे जहां के महानगर अध्यक्ष का चुनाव भाजपा के सांसद, विधायक, मंत्री, संगठन और कार्यकर्ताओं की सहमति से चुना जाए। उनकी इस बात के मायने अधिक हो जाते हैं, क्योंकि वह महानगर चुनाव अधिकारी हैं और पूरी प्रक्रिया को लेकर उनकी भारतीय जनता पार्टी के सांसद, पूर्व सांसदों, वर्तमान मंत्री, विधायकों और संगठन के लोगों से भाजपा महानगर अध्यक्ष चुने जाने को लेकर विस्तृत बातचीत हुई है। उनका यह इनपुट कहीं ना कहीं बड़ा संदेश और संकेत देने का काम कर रहा है।

### भाजपा महानगर कार्यालय पर जब जमकर होती रही प्रमुख नेताओं के बीच अध्यक्षी वाली मंत्रणा



करंट क्राइम : भाजपा का अगला महानगर अध्यक्ष कौन होगा, इसको लेकर पार्टी के निर्देश पर चयन वाली प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में किसको समर्थन मिलता है और कौन पद की दावेदारी हासिल करता है यह तो जनवरी के मध्य से पहले ही स्पष्ट हो जाएगा लेकिन गुरुवार को भाजपा नेहरू नगर स्थित कार्यालय का नजारा भी बिल्कुल अलग ही था। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से लेकर संगठन और सरकार में दखल रखने वाले चेहरे महानगर अध्यक्ष चुनाव को लेकर गंभीरता दिखा रहे थे। तो कई-कई विषयों को लेकर मंत्रणा करने के नजारे भी स्पष्ट दिखाई दिए हैं। कभी पूर्व वर्तमान और भूतपूर्व मेयर आपस में बात करते देखे गए। तो उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अपने विधायकों और संगठन के लोगों से चर्चा में नजर आए हैं। इसके साथ ही पूर्व के दो सांसद जिसमें राज्यसभा सांसद और चार बार के सांसद रहे भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ और नगर निगम नगर निगम में रहे शीर्ष नेता व पार्षद भी महानगर अध्यक्ष वाले चुनाव की सरगर्मी के दौरान मुस्तैदी से नजर आए हैं। कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी का अगला महानगर अध्यक्ष कौन बनेगा और इसकी घोषणा कब होगी, यह अब पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं के लिए जानने की उत्सुकता बनी रहेगी।

# डकैती पीड़ित के घर पहुंचे लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पुलिस कार्यशैली पर उठाए सवाल

### - विधायक बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जताएंगे कानून व्यवस्था की स्थिति पर असंतोष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले स्टील कारोबारी आरडी गुप्ता के घर में हुई डकैती की वारदात के बाद लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर गाजियाबाद की कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। गुरुवार को वह कवि नगर स्थित स्टील कारोबारी आरडी गुप्ता के यहां पहुंचे और उन्होंने घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है।

यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया है और मदद का आश्वासन देते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस जल्द ही इन बदमाशों का एनकाउंटर करेगी। साथ ही उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से पॉश और वीवीआईपी इलाके में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के घर के निकट वाले इलाके में डकैती की वारदात हुई है, यह पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह है। इसके साथ ही उन्होंने भगवान का शुक्रिया अदा किया है कि इस पूरी वारदात में गुप्ता परिवार के किसी व्यक्ति पर कोई हमला नहीं हुआ और वह सुरक्षित हैं।




### विधायक ने कहा, चीफ सेक्रेटरी को भी देना चाहिए व्यापारियों की सुरक्षा पर ध्यान

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार पुलिस और शासन स्तर पर बैठे अधिकारियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने प्रेसवार्ता करते हुए कई गंभीर आरोप लगाए थे। तो वहीं मंगलवार को कवि नगर में स्टील कारोबारी के घर में बुजुर्ग दंपत्ति को बंधक बनाकर डाली गई डकैती की वारदात के बाद एक बार फिर कहा है कि पॉश इलाके में वारदात बड़ा सवाल है। लोनी विधायक नंदकिशोर ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम लेकर कानून व्यवस्था और बदमाशों के हड़कंप की चर्चा देश ही नहीं विदेशों तक हो रही है। उनके राज्य में गाजियाबाद जैसे शहर में वारदात होना बड़ी गंभीर बात है। उन्होंने कहा है कि इस पूरे मामले में उत्तर प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी को संज्ञान लेना चाहिए। साथ ही लोनी विधायक ने गाजियाबाद के अधिकारियों को भी इस मामले में जल्द से जल्द खुलासा करने की चेतावनी दी है और कहा है कि अगर इस पूरे मामले का जल्द खुलासा नहीं हुआ तो पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे। वह अपने शहर और परिवार के लोगों के साथ ऐसे अपराध बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम को बनाया हाईटेक

## माई जी एन एन पोर्टल को जनवरी में लॉन्च करने की तैयारी

## एकीकृत पोर्टल पर कार्य करने से कम्युनिकेशन होगा सरल : नगर आयुक्त



### नगर निगम अधिकारियों तथा शहर निवासियों को मिलेगी ऑनलाइन सुविधा, समय की बचत के साथ-साथ कार्य करना होगा सरल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त लगातार शहर हित में कार्य को रफ्तार दे रहे हैं। इसी क्रम में देखने में आ रहा है नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम वर्किंग को भी हाईटेक कर दिया गया है। जल्दी ही जनवरी के अंतिम सप्ताह में माय जी एन एन पोर्टल को लॉन्च करने की तैयारी निगम कर रहा है, सभी विभाग को एकीकृत किया गया है। एक ही पोर्टल पर सभी विभागों की जानकारी प्राप्त होगी जिससे विभागों का आपसी समन्वय सरल होगा कार्य में तेजी आएगी शहर को लाभ होगा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की वर्किंग को पूर्ण रूप से हाईटेक करने की तैयारी की गई है।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि पोर्टल की टेस्टिंग व अधिकारियों की प्रशिक्षण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है 10 मॉडल के आधार पर गाजियाबाद नगर निगम की वर्किंग को हाईटेक किया गया है। इस प्रकार की आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों को भी कार्य में सरलता बनी रहेगी साथ ही शहर वासियों के साथ-साथ क्षेत्रीय पार्षदों तथा निगम के ठेकेदारों को भी माय जी एन एन पोर्टल से लाभ मिलेगा, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से सभी विभागों की फाइलों को ऑनलाइन किया गया है किस कार्य में कितनी लागत आ रही है कि कार्य का क्या स्टेटस है सभी की जानकारी अधिकारियों को तथा पब्लिक को स्टेटस की जानकारी रहेगी, लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सभी विभागों के चल रहे कैस को ऑनलाइन किया गया है कैसे की डेट आने से पूर्व संबंधित अधिवक्ता को उसका मैसेज भी जाएगा साथ ही पूर्ण जानकारी सभी अधिकारियों को समय से प्राप्त होगी।

अकाउंट्स एंड बजट मैनेजमेंट सिस्टम गाजियाबाद नगर निगम का आय तथा व्यय का लेखा ऑनलाइन रहेगा बजट से बाहर जाने पर अधिकारियों को अलार्म भी मिलेगा साथ ही सभी कार्यों के बैलेंस शीट भी ऑनलाइन की जाएगी, प्रॉपर्टी टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम तथा म्यूटेशन मैनेजमेंट सिस्टम शहर वासियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा जिसके माध्यम से नामांतरण की कार्यवाही सरल होगी ऑनलाइन कार्यवाही करते हुए अपने कार्य का स्टेटस भी शहर वासी जान सकेंगे प्रॉपर्टी टैक्स का लेजर भी तथा पुरानी रसीद की जानकारी भी ऑनलाइन शहर वासी प्राप्त कर सकते हैं। पेमेंट मैनेजमेंट सिस्टम से गाजियाबाद नगर निगम के ठेकेदारों को लाभ प्राप्त होगा किसी भी बिल को लगाने के लिए ठेकेदारों को गाजियाबाद नगर निगम के विभागों में चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं होगी ऑनलाइन ही बिल लगा सकेंगे जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी रहेगी, इनकम चालान मैनेजमेंट गाजियाबाद नगर निगम के खजाने में आने वाले प्रतिदिन रकम का लेखा-जोखा ऑनलाइन रहेगा जमा करने वालों को भी सरलता रहेगी साथ ही अकाउंट मैनेजमेंट भी सरल रहेगा, रेंटेड मैनेजमेंट सिस्टम गाजियाबाद नगर निगम की संपत्ति जो कि किराए पर है जिसका किराया गाजियाबाद नगर निगम में जमा किया जाता है जिनकी समय रहते जानकारी हेतु अलार्म भी बजेगा तथा किराएदारों को भी सरलता रहेगी अधिकारी भी मॉनिटरिंग सरलता से कर पाएंगे।

यूजर चार्ज मैनेजमेंट सिस्टम यूजर चार्ज जोकि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सेवाओं के बदले उपभोक्ताओं से लिया जाता है जिसको ऑनलाइन जमा करने की सुविधा गाजियाबाद नगर निगम ने इस पोर्टल के माध्यम से शुरू की है, 311 एप गाजियाबाद नगर निगम के समस्त विभागों तथा शहर की समस्याओं के समाधान के लिए 311 अप पहले से ही शहर ही तथा निगम हित में कार्य कर रहा है जो की सराहनीय है।

# आप का 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' का मामला पहुंचा अदालत

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पूछा- ये चुनाव याचिका के रूप में कैसे स्वीकार्य है




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को वजीफा देने के ए के हालिया चुनावी वादे के खिलाफ याचिका की स्थिरता पर याचिकाकर्ता से सवाल किया। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि इस मुद्दे पर चुनाव याचिका कैसे सुनवाई योग्य है। अदालत ने कहा कि यह चुनाव याचिका के रूप में कैसे विचारणीय है? आप जाएं और एक जनहित याचिका दायर करें। याचिकाकर्ता ने कहा कि झूठी घोषणा के साथ मतदाताओं को लुभा रहा था क्योंकि दिल्ली सरकार पहले ही ऐसी किसी योजना से इनकार कर चुकी है।

अदालत ने याचिकाकर्ता विजय कुमार से याचिका की विचारणीयता पर दलीलें देने को कहा और सुनवाई 10 जनवरी के लिए स्थगित कर दी। याचिकाकर्ता के वकील शिव शंकर पाराशर ने कहा कि कुमार ने दिल्ली में सत्तारूढ़ दल द्वारा दिल्ली मतदाता पहचान पत्र रखने वाली महिलाओं को 2,100 मासिक वजीफा देने की कथित झूठी घोषणा पर भारत के चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज की थी। यह दावा करते हुए कि कोई कार्रवाई नहीं की गई, उन्होंने अदालत से चुनाव आयोग को 3 जनवरी को दायर उनकी शिकायत का शीघ्र निपटान करने का निर्देश देने का आग्रह किया।

याचिका में मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ए श्रमिकों द्वारा योजना से संबंधित फॉर्म भरने पर रोक लगाने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। वकील ने कहा कि अगर शिकायत पर फैसला नहीं हुआ तो दिल्ली की महिला मतदाता प्रभावित होंगी।

# भोपाल के जेल में कैसे घुसा चीन?

## जांच में जुटी खुफिया एजेंसियां



**नई दिल्ली।** चीन निर्मित एक ड्रोन उच्च सुरक्षा वाली भोपाल सेंट्रल जेल के अंदर पड़ा हुआ पाया गया है, जिसके बाद अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कर दी है। जेल अधीक्षक राकेश कुमार बांगरे ने बताया कि जेल के अंदर बी-ब्लॉक बिल्डिंग के पास एक गार्ड ने बुधवार को दोपहर 3.30 से 4 बजे के बीच काले ड्रोन को देखा, जिसका वजन 30 से 40 ग्राम था। उन्होंने कहा कि किसी ने ड्रोन को जेल परिसर में उतरते नहीं देखा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मानव रहित हवाई उपकरण बच्चों का हो सकता है जो जेल के पास इसके साथ खेल रहे थे।

एक अन्य अधिकारी ने कहा, 151 एकड़ में फैली जेल में 2,600 की क्षमता के मुकाबले 3,600 कैदी हैं। बांगरे ने कहा, इनमें 69 कैदी शामिल हैं, जिनमें प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) से जुड़े 32 कैदी भी शामिल हैं, जो जेल के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में बंद हैं। हमने ड्रोन को गांधी नगर पुलिस को सौंप दिया है। उन्होंने चीन निर्मित ड्रोन की बरामदगी की जांच शुरू कर दी है, जिस पर आरोप लगाया गया था। मामले में अधिक जानकारी के लिए भोपाल के पुलिस आयुक्त एचसी मिश्रा से संपर्क नहीं हो सका।

नवंबर 2016 में भोपाल सेंट्रल जेल तब चर्चा में आई थी, जब सिमी से जुड़े आठ विचाराधीन कैदियों ने एक जेल गार्ड की हत्या कर दी थी और भाग गए थे। भोपाल के बाहरी इलाके में सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी करने के बाद पुलिस ने उन्हें मार गिराया।

## आप के वोटर्स पर भाजपा की नजर

# 3 हजार झुग्गी-झोपड़ियों के प्रधानों से मिलेंगे अमित शाह




**नई दिल्ली।** जैसे ही दिल्ली चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गर्म हो रहा है, भाजपा ने विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ी के मतदाताओं को लक्षित करते हुए एक अनोखी पहल शुरू की है। 'जहाँ झुग्गी, वहाँ मकान' अभियान का उद्देश्य राजनेताओं और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले मतदाताओं के बीच की दूरी को पाटना है। इस संबंध को मजबूत करने के लिए, भाजपा नेता, सांसद और विधायक स्थानीय मुद्दों को समझने के लिए इन क्षेत्रों में रातें बिता रहे हैं, ताकि उनकी अभियान रणनीति में एक आकर्षक स्पर्श सुनिश्चित हो सके।

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले झुग्गी-झोपड़ियों के मतदाताओं से जुड़ने की पहल के तहत अमित शाह 11 जनवरी को दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी समूहों के नेताओं से मुलाकात करने वाले हैं। शहर भर की लगभग 3,000 झुग्गी बस्तियों के प्रमुखों के साथ शाह की यह पहली बातचीत होगी। बैठक शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झुग्गी-झोपड़ी के मतदाताओं से जुड़ने के लिए एक विशेष पहल शुरू की है।

पिछले कुछ महीनों में, दिल्ली भाजपा के कई नेता झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों से उनके मुद्दों को समझने के लिए मुलाकात कर रहे हैं। लगभग दो दर्जन भाजपा नेता हर हफ्ते इन झुग्गी-झोपड़ियों में एक रात बिता रहे हैं, लोगों से जुड़ने और उनकी चिंताओं के बारे में जानने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले हफ्ते, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने झुग्गीवासियों के लिए दिल्ली के अशोक विहार में 1,675 फ्लैटों का उद्घाटन किया। दिल्ली में लगभग 675 झुग्गी-झोपड़ियाँ हैं, जिनमें से 18-20 प्रतिशत पूर्वी और उत्तरपूर्वी संसदीय क्षेत्रों में स्थित हैं।

इन क्षेत्रों ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) को लगातार समर्थन दिया है। हालांकि, बीजेपी आगामी चुनाव में इन वोटरों को अपने पाले में करने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। अपने स्लम विकास अभियान के हिस्से के रूप में, भाजपा बेहतर आवास और बुनियादी ढाँचा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# तिरुपति मंदिर भगदड़ मामले में पुलिस ने दर्ज की दो अलग-अलग एफआईआर

## चौतरफा घिरी चंद्रबाबू नायडू सरकार



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर भगदड़ मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। आठ जनवरी को वैकुंठ एकादशी दर्शन के दौरान मंदिर में भगदड़ मच गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 घायल हो गए। इस घटना के बाद चंद्रबाबू नायडू की सरकार को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विपक्ष ने इसे प्रशासनिक विफलता बताया।

### पहली एफआईआर में एक महिला का नाम शामिल

पहले मामले में तमिलनाडु के मेट्टूर सलेम जिले के निवासी 50 वर्षीय आर मल्लिगा शामिल है जो विष्णुनिवासम में दर्शन टोकन के लिए कतार में गिर गई। बलैयापल्ली मंडल के एक तहसीलदार पी. श्रीनिवासुलु ने एक शिकायत दर्ज कराई , जिसमें उन्होंने बताया कि मल्लिगा भक्तों की भीड़ के बीच बेहोश हो गई थी। उसे श्री वेंकटेश्वर रामनारायण रुइया सरकारी जनरल अस्पताल (एसवीआरआरजीजी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना का कारण भीड़भाड़ और पीड़िता के स्वास्थ्य को बताया जा रहा है। घटना की जानकारी पाकर मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। शिकायतकर्ता श्रीनिवासुलु ने अपनी शिकायत में कहा, जब अन्य श्रद्धालु कतार की तरफ दौड़े तभी पीड़िता की तबीयत खराब होने लगी थी।

दूसरी एफआईआर, नारायणवनम मंडल के 61 वर्षीय तहसीलदार एम. जयारामुलु द्वारा दर्ज कराई गई, जिसमें पांच अन्य भक्तों की मौत की जानकारी दी गई है। पीड़ितों में कांदिपिलि सांथी, गुडला रजनी, बोड्डेती नायडू बाबू, सूरी सेट्टी लावण्या स्वाथी और निर्मला का नाम शामिल है। शिकायत के अनुसार, पीड़ित रामानायडू स्कूल के पासपद्मावति पार्क में दर्शन टोकन का इंतजार कर रहे थे। कतार में अचानक धक्कामुक्की के कारण वे गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस घटना को लेकर विपक्षी पार्टियों के नेता चंद्रबाबू नायडू सरकार की आलोचना कर रहे हैं। टीटीडी अध्यक्ष भूमा करुणाकर ने मंदिर में भगदड़ की घटना को लेकर गठबंधन सरकार की आलोचना की। उन्होंने इसे प्रशासनिक विफलता बताया। इस हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति दुख व्यक्त किया। भूमा करुणाकर ने वैकुंठ एकादशी दर्शन के लिए उचित व्यवस्था पर सवाल उठाया।

# शंभू बॉर्डर पर एक और किसान ने की आत्महत्या, तीन सप्ताह के भीतर दूसरी घटना



**नई दिल्ली।** किसान नेताओं ने कहा कि शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे 55 वर्षीय एक किसान ने गुरुवार (9 जनवरी) को जहरीला पदार्थ खाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, जो तीन सप्ताह के भीतर आंदोलन स्थल पर इस तरह की दूसरी घटना है। तरनतारन जिले के पहुविंड के रहने वाले रेशम सिंह ने पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू सीमा बिंदु पर चरम कदम उठाया, जहां किसान लगभग एक साल से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, केंद्र पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने का दबाव बना रहे हैं।

किसानों ने कहा कि रेशम सिंह को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। किसान नेता तेजवीर सिंह ने कहा कि रेशम सिंह लंबे विरोध के बावजूद मुद्दों का समाधान नहीं करने के लिए केंद्र सरकार से नाराज थे। एक अन्य किसान रणजोध सिंह ने 18 दिसंबर को शंभू सीमा पर आत्महत्या कर ली। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले, सुरक्षा बलों द्वारा दिल्ली मार्च रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले हुए हैं। वहीं, पंजाब सरकार ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसानों के साथ लगातार बैठकें की गईं, लेकिन उन्होंने शीर्ष अदालत द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ को पंजाब के महाधिवक्ता (एजी) गुरमिंदर सिंह ने सूचित किया कि समिति ने उन्हें 17 दिसंबर को आमंत्रित किया था, लेकिन प्रदर्शनकारी किसानों ने उनसे बात नहीं की।

# ममता बनर्जी ने क्यों किया केजरीवाल का समर्थन



**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए ममता बनर्जी ने आम आदमी पार्टी को अपनी पार्टी का समर्थन दिया है। हाल ही में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने भी अरविंद केजरीवाल को अपना समर्थन दिया था। जबकि आप और कांग्रेस दोनों इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहे हैं, दोनों के बीच तनाव उभर आया है और आप ने कांग्रेस को गठबंधन से हटाने की मांग की है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस नेतृत्व को लेकर इंडिया गुट के भीतर दरार बढ़ गई है, ममता बनर्जी और अखिलेश यादव ने दिल्ली में आप को अपना समर्थन दिया है और कांग्रेस अकेले लड़ रही है।

बड़ा सवाल ये है कि आखिर ममता बनर्जी ने आप का समर्थन क्यों किया? इसको लेकर टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमारी नेता ममता बंदोपाध्याय प्रत्येक सदस्य का सम्मान करती हैं। हम आप का समर्थन करते हैं जो 2013 से सफलतापूर्वक सरकार चला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह सीखना चाहिए कि भाजपा अपने आख्यान के माध्यम से वोट ले रही है। कांग्रेस ने अपने अहंकार के लिए मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी या हरियाणा में आप को कोई सीट आवंटित नहीं की, जबकि लोकसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस को सीटें आवंटित कीं।

कीर्ति आजाद ने कहा कि कांग्रेस को क्षेत्र की परवाह किए बिना हर पार्टी का सम्मान करना चाहिए और दिल्ली में आपका समर्थन करना चाहिए था, लेकिन वे इसके खिलाफ लड़ रहे हैं। बीजेपी बांग्लादेशी हिंदुओं के बारे में बात नहीं करती है, और दिल्ली में 5 साल के लिए उसके पास कोई योजना नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को घोषणा की कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आगामी 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को समर्थन दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में, अरविंद केजरीवाल ने आप को समर्थन देने के लिए टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया।

## न्यूज डायरी

### झारखंड में निरीक्षण ट्रेन में लगी आग



**झारखंड।** झारखंड के पलामू जिले में एक निरीक्षण ट्रेन में बृहस्पतिवार दोपहर आग लग गई, जिससे क्षेत्र में रेल सेवाएं एक घंटे से अधिक समय तक बाधित रहीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना गढ़वा रोड जंक्शन स्टेशन पर हुई, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारी के मुताबिक, शुरूआती जांच से पता चला है कि ट्रेन में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। हालांकि, घटना के पीछे की असली वजह विस्तृत जांच के बाद ही पता चल सकेगी। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी के अनुसार, निरीक्षण ट्रेन बुधवार को पूर्व-मध्य रेलवे क्षेत्र के धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले स्टेशन पर पहुंची। बिश्रामपुर के एसडीपीओ (उप मंडल पुलिस अधिकारी) आलोक कुमार टूटी ने बताया कि दमकल की दो गाड़ियों ने आग की लपटों पर काबू पाया। उन्होंने कहा, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) आग लगने की वजहों की जांच कर रही है। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के कारण टोरी-गढ़वा रोड, गढ़वा रोड-सोन नगर और गढ़वा रोड-चोपन खंड पर ट्रेन परिचालन एक घंटे से अधिक समय तक प्रभावित रहा।

# गणतंत्र दिवस पर गांवों तक पहुंचने की कोशिश, लोगों को किया गया है आमंत्रित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में 'जनभागीदारी' बढ़ाने के लिए लगभग 10,000 विशेष मेहमानों को 26 जनवरी, 2025 को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में 76वें गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। विविध पृष्ठभूमि वाले 'स्वर्णिम भारत' के इन वास्तुकारों में विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले और सरकार की योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने वाले लोग शामिल हैं। उन सरपंचों को आमंत्रित किया गया है, जिनके गांवों ने चयनित सरकारी पहल में लक्ष्य हासिल किए हैं।

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा पंचायतों के बीच एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की घोषणा की गई थी। कम से कम छह फ्लैगशिप योजनाओं में लक्ष्य हासिल करने वाली पंचायतों को विशेष अतिथि के रूप में चुना गया। आमंत्रित अतिथियों में से कुछ स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से आय और रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। भोजन, पोषण, स्वास्थ्य, जल स्वच्छता और स्वच्छता, पंचायती राज संस्थानों-समुदाय आधारित संगठनों के अभिसरण और लिंग गतिविधियों के क्षेत्रों में काम करने वाले एसएचजी को आमंत्रित किया गया है। ऐसे एसएचजी सदस्य को प्राथमिकता दी गई है जो दिल्ली नहीं आया हो।

पीएम-जनमन मिशन के प्रतिभागियों, जनजातीय कारीगरों/वन धन विकास योजना के सदस्यों, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम उद्यमों, आशा कार्यकर्ताओं, मायभारत स्वयंसेवकों को आमंत्रित किया गया है। आपदा राहत एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आपदा राहत कर्मियों, पानी समिति, जल योद्धाओं, सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों, वन एवं वन्यजीव संरक्षण स्वयंसेवकों को पहली बार आमंत्रित किया गया है। पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम के तहत पर्यावरण संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग का समर्थन करने वाले किसानों और परिवारों को भी पहली बार आमंत्रित किया गया है।

पैरा-ओलंपिक दल के सदस्यों, शतरंज ओलंपियाड पदक विजेता, ब्रिज वर्ल्ड गेम्स के रजत पदक विजेता और स्नूकर विश्व चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है क्योंकि उन्होंने अपने संबंधित खेलों में अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। नवाचार और उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करते हुए पेटेंट धारकों और स्टार्ट-अप को भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल किया गया है। अखिल भारतीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता और वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेता बनकर उभरे देशभक्ति से ओतप्रोत स्कूली बच्चे भी गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# 'मईया सम्मान योजना' का पैसा नहीं मिलने से नाराज महिलाओं ने किया प्रदर्शन



**जमशेदपुर।** हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले 'झारखंड मुक्ति मोर्चा' (जेएमएम) शासित झारखंड में सरकार के 'मईया सम्मान योजना' की राशि हजारों महिलाओं के खाते में नहीं पहुंची, जिससे नाराज महिलाओं ने गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। हेमंत सोरेन सरकार द्वारा 'मईया सम्मान योजना' की राशि पिछले दिनों लोगों के खाते में भेज दिया गया। लेकिन, हजारों ऐसी महिलाएं हैं जो इस योजना से वंचित रह गई। जमशेदपुर में नाराज महिलाओं ने इसकी वजह से उपायुक्त कार्यालय पहुंच जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों पर परेशान करने का आरोप लगाया है।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक–0331/विज्ञापन/बी.ओ.टी./2024–25 दिनांक– 09.01.2025

**रूचि की अभिव्यक्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में संचालित ट्रैफिक सिग्नलों के संचालन, अनुरक्षण एवं सुरक्षा हेतु प्रति ट्रैफिक सिग्नल ईकाई दर आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था/एजेन्सी उपरोक्त के सम्बंध में निविदा को उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हें दिनांक 16.01.2025 को अपरान्हः 03.00 बजे तक वेबसाईट से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 16.01.2025 सायं 04.00 बजे खोला जाएगा। धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) को वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य होगा।

विस्तृत निविदा सूचना /नियम व शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

प्रभारी विज्ञापन/बी.ओ.टी
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



नई दिल्ली। शुक्रवार 10 जनवरी-2025 | दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# 11 जनवरी की रात तक सभी जनप्रतिनिधियों को बनानी होगी अध्यक्ष पद के लिए एक नाम पर सहमति

## नहीं तो हर जनप्रतिनिधि देगा अपने पसंद के तीन-तीन नामों का पैनल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गुरुवार को भाजपा महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष पद की तमन्ना रखने वाले दावेदारों का मेला लगा। पहले से तय हो गया था कि गुरुवार को सुबह 12 बजे आवेदक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं और जिस तरह से दावेदारों का एक सैलाब आया उससे लग रहा था कि कितनी मुश्किल से इन दावेदारों ने बुधवार की रात काटी होगी। गुरुवार को दोपहर बजते ही भाजपा के प्रदेश सहचुनाव अधिकारी अनिल चौधरी और महानगर चुनाव अधिकारी सिद्धार्थनाथ सिंह को दावेदारों ने भाजपा कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष पद हेतु अपना आवेदन पत्र सौंपा। क्योंकि 12 बजे का समय था और 12 बजे से पहले ही भाजपा महानगर कार्यालय पर दावेदारों की भीड़ लग गई। अध्यक्ष बनने का क्रेज और इस मोहल्ले से लेकर उस मोहल्ले तक के फेस अपने-अपने आवेदन पत्र के साथ चुनाव अधिकारी और पर्यवेक्षक के सामने हो रहे थे पेश।

भाजपा दफ्तर के बाहर का नजारा दावेदारों से गुलजार था। दावेदारी का पूरा तूफान था और इन सबके बीच खबर ये है कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों को जिनमें सांसद-विधायक, एमएलसी, मेयर शामिल हैं। इन सभी को एक नाम पर सहमति बनानी होगी। सूत्र बताते हैं कि अगर सहमति नहीं बनती है तो फिर सभी जनप्रतिनिधियों को अपनी-अपनी पसंद के तीन-तीन नामों का पैनल भिजवाना होगा। सूत्र बताते हैं कि ये संदेश जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा दिया गया है कि अगर एक नाम पर जनप्रतिनिधियों की सहमति नहीं बन रही है तो फिर सभी जनप्रतिनिधि अपनी-अपनी पसंद के तीन-तीन नामों का पैनल भिजवा दें।

### ऐसे भी पहुंचे दावेदार जिन्हें नहीं मिला कोई प्रस्तावक और अनुमोदक

**करंट क्राइम।** गुरुवार को महानगर अध्यक्ष बनने के लिये बम्पर नामांकन हुए। नव भाजपाई से लेकर वरिष्ठ भाजपाई पहुंचे। महिलाएं पहुंची, युवा पहुंचे और अध्यक्ष बनने का क्रेज दिखाई दे रहा था। चुनाव अधिकारी सबसे आवेदन पत्र ले रहे थे और कई भाग्यशाली आवेदक ऐसे थे जिन्हें प्रस्तावक भी मिला और अनुमोदक भी मिला, लेकिन कई ऐसे भी दावेदार पहुंचे जिन्हें प्रस्तावक और अनुमोदक नहीं मिले, लेकिन किसी ने भी उम्मीद नहीं छोड़ी और मौका नहीं छोड़ा और सभी ने अपना बायोडेटा सौंपा। दावेदारी का एक पूरा तूफान दिखाई दे रहा था।

### जनप्रतिनिधियों का एक मत ना होना कोई तोहमत तो नहीं है

**करंट क्राइम।** संगठन चाहता है कि जनप्रतिनिधि अध्यक्ष पद के लिये अपनी पसंद के नाम पर आम सहमति बनाए। लेकिन मन की गति तेज है और तन की भाषा बता रही है कि यहां मन भी है और मुटाव भी है। किसी एक नाम के लिये मन नहीं है और दूसरे के नाम पर मुटाव भी है। लिहाजा ये चीज तो बाहर आ गई है कि कोई आम सहमति नहीं है और अगर एक गुट फैसला लेगा तो दूसरा गुट भी संदेश देना चाहता है। ऐसे में जनप्रतिनिध ये भी मान रहे हैं कि एक मत का ना होना कोई तोहमत तो नहीं है। एक दिन पहले विधायक आवास पर भी बैठक हुई है और आम सहमति यहां भी नहीं बनी है। फिलहाल जो हालात दिख रहे हैं वो ये हैं कि सहमति का रायता फैल गया है और अब पैनल वाले सीन की तरफ ये स्टोरी बढ़ रही है।

### आ गया है मोड़ और सामने आना है दस नामों का निचोड़

आम सहमति एक नाम पर बननी है और दावेदारी में 62 नाम हैं। सबकी अपनी-अपनी पसंद है और दावेदारी में एक मोड़ आ गया है और दस नामों का निचोड़ निकलना है। कहीं मयंक गोयल का नाम है, कहीं पवन गोयल का नाम है, कहीं मानसिंह गोस्वामी प्रबल है तो कहीं प्रेम त्यागी सबल है। फिलहाल हर कोई अपने-अपने तर्क के साथ अपने दांव को फिट करना चाहता है। किसी को सॉफ्ट कॉर्नर में पप्पू पहलवान है। किसी के सॉफ्ट कॉर्नर में मानसिंह गोस्वामी हैं। किसी की लिस्ट में राजेश त्यागी का नाम है तो कोई बोबी त्यागी पर भी सहमति है। फिलहाल दस नामों के निचोड़ की बात करें तो यहां दावेदारी के फ्रेम में त्यागी फैक्टर की बात चलेगी तो ये फ्रेम अपना समर्थन प्रेम त्यागी, राजेश त्यागी को देगा। दस नाम बताए जा रहे हैं और ब्राह्मण फैक्टर की बात करें तो यहां तरुण शर्मा, अजय शर्मा, पंकज भारद्वाज और अश्विनी शर्मा का नाम है। हालांकि सूत्र ये बता रहे हैं कि दावेदारी के इस रण में ब्राह्मण फैक्टर पर इतना फोकस नहीं रहना है। वहीं ठाकुर फैक्टर की बात करें तो यहां संजय कुशवाहा का नाम अतुलनीय आशर्वाद है तो हैवीवेट फैक्टर से गौरव सोलंकी और सरदार सिंह भाटी के नाम की चर्चा है। कमांडरी खेमे की बात करें तो यहां चमन चौहान का नाम चल रहा है। वहीं ओबीसी फैक्टर ज्यादा मजबूत है और दलित फैक्टर की बात करें तो भाजपा का पुराना इतिहास अध्यक्ष पद में इस फैक्टर को सपोर्ट नहीं कर रहा है। पर्चा कई ओबीसी नेताओं ने भरा और कई महिलाओं ने भरा है और कुछ ऐसे नामों की भी चर्चा हो रही है जो दस वाले फ्रेम में नहीं है। रोचक सीन बन रहा है और गेम अब दस नामों के निचोड़ के साथ रोचक मोड़ पर आया है। अभी दस नाम और फिर अपने-अपने तीन-तीन नामों के बीच होने की ओर बढ़ रहा है।

### अंदर वाले कमरे में किसकी आई थी कॉल कि बदलने लगा था माहौल

**करंट क्राइम।** बाहर दावेदारों का मेला था, अंदर चुनाव अधिकारी थे, जनप्रतिनिधि भी थे। यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग दिल्ली चुनाव के सिलसिले में दिल्ली थे। कमरे में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मेयर सुनीता दयाल, विधायक अजीतपाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा और वरिष्ठ नेताओं में पूर्व मेयर अशु वर्मा, पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व सांसद रमेशचंद तोमर और पूर्व विधायक रूप चौधरी भी थे। सूत्र बताते हैं कि इसी बीच वहां एक कॉल आई और फिर कमरे का माहौल बदला। दरअसल ये कॉल राय देने के लिये थी और ये आवाज आ गई थी कि एक राय-मशविरा कर आम सहमति बना ली जाए। अब ये कॉल किसकी आई थी, जिसके बाद माहौल बदला। सूत्र बताते हैं कि चुनाव अधिकारियों की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों को बुलाकर कहा गया कि 11 जनवरी की रात तक अध्यक्ष पद के लिये एक नाम पर आम सहमति बना लें और पार्टी को अवगत करा दें।

### मेरी खामोशी को ही समझ लेना आम सहमति की आवाज

**करंट क्राइम।** आम सहमति की बात है और यहां कुछ पुरानी बातों का भी तूफान है। सूत्र बता रहे हैं कि जनप्रतिनिधियों के बीच आम सहमति वाला सीन दिख नहीं रहा है। चर्चा यही है कि बड़े वाले जनप्रतिनिधि ने कह दिया है कि मैं उसका नाम नहीं लूंगा लेकिन अगर आप लोग सहमति बनाओगे तो मैं खामोश रहूंगा। मेरी खामोशी को ही अपनी सहमति में मेरी सहमति मान ली जाए। सूत्र बताते हैं कि बड़े जनप्रतिनिधि ने कहा कि अगर एक गोयल के नाम पर सब तैयार हैं तो मैं अपनी वीटो लूज कर लूंगा, लेकिन मैं उनके नाम के लिये हां अपनी जुबान से नहीं बोलूंगा, लेकिन विरोध भी नहीं करुंगा और चुप रहूंगा।

### भरा तो है वैश्य दावेदार ने पर्चा, मगर नहीं हुई उनके नाम पर भी चर्चा

**करंट क्राइम।** 62 वाला सीन दस पर आ गया है और आम सहमति का सीन अभी दिख नहीं रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि यहां एक वैश्य दावेदार खुद को मजबूत मान रहे हैं, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि उनके तो नाम पर भी चर्चा नहीं हुई है। एक दावेदार ऐसे भी हैं जिनके बारे में ये कहा जा रहा है कि सात जनप्रतिनिधियों में से पांच जनप्रतिनिधियों का बैकअप इन वैश्य दावेदार को मिल रहा है।

### जो संभालेंगे महानगर वो कितना डालेंगे भावी राजनीति पर असर

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष वाली कुर्सी का रास्ता विधानसभा की ओर जाता है। जबसे ये रास्ता नदिया पार से आकर नेहरूनगर वाली कुर्सी से होते हुए शहर विधानसभा की ओर गया है तब से इस कुर्सी का क्रेज बहुत ज्यादा बढ़ गया है। अब समीकरण ये भी देखे जा रहे हैं कि जो भी महानगर अध्यक्ष बनेगा वो आने वाले समय में किसकी विधानसभा में इफेक्ट डालेगा। जो इफेक्ट नहीं डालेगा उसे भी समर्थन वाले फ्रेम में पूरे प्रेम के साथ रखा जाएगा। ये भी कहा जा रहा है कि ज्यादा घमासान नहीं होना चाहिए और एक नाम पर पूरे मान के साथ सम्मान वाली सहमति बन जानी चाहिए। फिलहाल सूत्र बता रहे हैं कि भविष्य की राजनीति को लेकर अध्यक्ष पद की दावेदारी में जनप्रतिनिधि दो गुटों में विभाजित हो गए हैं। 16 जनवरी तक घोषणा होनी है। 11 जनवरी तक जनप्रतिनिधियों को नाम देने हैं और अगर एक राय नहीं है तो फिर अपनी पसंद के तीन नामों का पैनल देना है।

---

## तिरुपति मंदिर भगदड़ में पीएम मोदी और राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने जताया दुख



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में हुई भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत और 25 से ज्यादा लोगों के घायल होने के बाद कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। इस हादसे पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए विभिन्न नेताओं ने घटना के कारणों की जांच की मांग की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। तिरुपति मंदिर में हुए इस हादसे को लेकर नेताओं ने प्रशासनिक चूक का भी आरोप लगाया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया दुख :** इस बीच इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने दुख प्रकट किया है। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि आंध्र प्रदेश के तिरुपति में मची भगदड़ से आहत हूं।

## जनप्रतिनिधियों की राय को लेकर उठ रहा है भाजपा में ही सवाल

### क्या जनप्रतिनिधि अब तय करेंगे संगठन वाले नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में लोकतांत्रित प्रक्रिया है, पारदर्शी प्रक्रिया है और आम सहमति का सिस्टम है। ये पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र, लेकिन जब जनप्रतिनिधियों से उनकी राय पूछ ली गई और जनप्रतिनिधियों को ये कहा गया कि उनकी सहमति से ही नाम तय होगा, वो एक नाम तय कर लें तो चर्चा अब जनप्रतिनिधियों की राय बड़ी या संगठन बड़ा वाली होने लगी है। भाजपा के भीतर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की जुबान पर ये बात आ गई है कि क्या संगठन का स्वरूप अब जनप्रतिनिधि तय करेंगे। वरिष्ठ नेता इस बात पर ओपन चर्चा से बच रहे हैं, लेकिन वो इसे एक अच्छी परिपाटी के रूप में नहीं देख रहे। उनका ये कहना है कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि होता है। संगठन कार्यकर्ता होता है, संगठन पदाधिकारी होता है और संगठन ही ये तय करता है कि कौन जनप्रतिनिधि होगा। संगठन की संस्तुति पर लोकसभा का टिकट मिलता है। संगठन की संस्तुति पर विधानसभा का टिकट मिलता है और पार्षद से लेकर सरकारी कृपा के पद भी संगठन की संस्तुति पर निर्भर होते हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों की राय को संगठन के चुनाव में इतना महत्वपूर्ण बना देना ठीक नहीं है। सीनियर लॉबी का ये मानना है कि संगठन सर्वोपरि होता है, संगठन जनप्रतिनिधि तय करता है लेकिन अब तो जनप्रतिनिधि ये तय कर रहे हैं संगठन में कौन-कौन रहेगा। अगर जनप्रतिनिधियों को ही संगठन तय करना है तो फिर कार्यकताओं की रायशुमारी कहां है। वो तो यहां तक कह रहे हैं कि अगर संगठन का ढांचा जनप्रतिनिधियों की राय से तैयार होगा तो फिर संगठन को भी जनप्रतिनिधि ही चला लेंगे। इसमें कार्यकताओं की जरूरत क्या है।

## जब पूर्व विधायक ने भगवा पहलवान और मानसिंह गोस्वामी को लेकर स्पष्ट दी अपनी राय

### कहा- एक की स्थिति मजबूत और दूसरे की हो गई बाय-बाय

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को भाजपा महानगर कार्यालय पर गोल घेरे में सब बैठे थे। इस गोल घेरे में पूर्व विधायक रूप चौधरी भी बैठे थे। रूप चौधरी की ये खूबी है कि वो स्पष्ट वक्ता हैं और अपनी बातों को गोल-गोल नहीं घुमाते हैं। वो बाद की भी टेंशन नहीं लेते हैं और गुरुवार को जब वो भाजपा कार्यालय के बाहर गोल घेरे में बैठे थे तो अध्यक्ष पद के लिये नामांकन दाखिल करने के बाद पप्पू पहलवान भी इसी गोले में आ बैठे। चेहरे के हाव-भाव से सब पता चल रहा था और इसी बीच मानसिंह गोस्वामी की भी आमद



चेहरे पर मुस्कराहट के साथ दर्ज हुई। यहां सवाल उठा कि पप्पू पहलवान और मानसिंह गोस्वामी में किसका मामला मजबूत है।

यह सुनते ही पूर्व विधायक रूप चौधरी मुस्कुराए और उन्होंने कहा कि मानसिंह की स्थिति मजबूत है वो सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। फिर उन्होंने कहा कि पप्पू पहलवान भी फाइनल में पहुंच जाते अगर वो ऐयरपोर्ट कमेटी में सलाहकार नहीं बनते। इससे उनका दांव कमजोर पड़ गया। हालांकि कहने वाले ने कहा कि इससे कोई ज्यादा इफेक्ट नहीं पड़ेगा, लेकिन ये भी कहा गया कि इस उड़ाने के साथ ही बाय-बाय हो गई है।

---

## कवि नगर डकैती मामले में पुलिस को लगे पुख्ता सुराग, तीन बदमाशों ने अंजाम दी थी वारदात

### आज शाम तक हो जाएगा सनसनीखेज घटना का खुलासा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले स्टील कारोबारी के मकान में बुजुर्ग दंपत्ति को बंधक बनाकर डकैती के मामले में पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन कवि नगर थाना पुलिस शुक्रवार की शाम तक खुलासा कर सकती है। पुलिस के बेहद विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस मामले में पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ कर माल बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही जानकारी मिली है कि इस पूरी वारदात को अंजाम देने में नौकर चंदन और दो बदमाश शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने पहचान लिया है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस



फरार नौकर चंदन

दैनिक करंट क्राइम फॉलोअप

मामले में पुलिस ने बिहार से बड़ी लीड हासिल करते हुए ,इस मामले के खुलासे में बेहद करीब पहुंच गई है। बताया जा रहा है की डकैती की घटना को अंजाम देने की प्लानिंग बीते एक सप्ताह के दौरान ही बनाई गई थी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम तक कवि नगर की इस सनसनीखेज डकैती की वारदात का खुलासा हो जाएगा। प्रेसवार्ता में बदमाशों को पेश करते हुए माल भी प्रदर्शित किया जाएगा।

### 50% से अधिक रहेगी कैश और ज्वेलरी की रिकवरी



पीड़ित आरडी गुप्ता और उनका घर

### पुलिस खुलासे के करीब, टीम को मिल सकता है ईनाम

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि करोड़ों की डकैती के मामले का शुक्रवार को खुलासा होगा। तो इस मामले का खुलासा करने वाली टीम को इनाम भी दिया जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में पुलिस ने अच्छी मात्रा में कैश रिकवरी की है। तो वहीं डायमंड ज्वेलरी की रिकवरी भी 50% से ज्यादा वाली बताई जा रही है। देखना होगा शुक्रवार को पुलिस के अधिकारी किन आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करते हैं और माल बरामदगी का आंकड़ा क्या रहता है। पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि खुलासा करने वाली टीम को इनाम मिलने की पूरी संभावना है। बता दें कि मंगलवार की रात कवि नगर के पॉश इलाके में रहने वाले स्टील कारोबारी आरडी गुप्ता के मकान में नौकर चंदन की मिलीभगत से डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले का खुलासा बुधवार को पुलिस द्वारा मीडिया के सामने किया गया था। जिसके बाद इस घटना के विरोध में विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल भी खड़े किए थे और पीड़ित परिवार से गुरुवार को ही मुलाकात की थी।

### कार्यवाहक डीआईजी करेंगे प्रेसवार्ता और बरामदगी से सजेगी पुलिस लाइन की मेज

**करंट क्राइम :** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कवि नगर में रहने वाले स्टील कारोबारी आरडी गुप्ता के घर हुई डकैती के मामले में पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग हासिल कर लिए हैं। इस पूरे मामले का शुक्रवार को पुलिस के कार्यवाहक डीआईजी स्तर के अधिकारी खुलासा कर सकते हैं। पुलिस लाइन में आयोजित की जाने वाली इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ी संख्या में रकम और डायमंड के ज्वेलरी भी बरामद करने की जानकारी मिली है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि इस पूरे घटना को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन पुलिस ने 36 घंटे के अंदर खोल दिया है। इस मामले में पुलिस तीन संदिग्धों से गहन पूछताछ कर माल बरामदगी में जुटी हुई है, जो शुक्रवार तक पूरा कर लिया जाएगा।

## मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने पकड़े दो साइबर फ्रॉड

### साढ़े 24 लाख की नगदी, पिस्टल, मोबाइल और अन्य सामान बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 24 लाख 35 हजार रुपए नकद, एक अवैध पिस्टल ब्रेटा, जिंदा कारतूस, चाकू, लैपटॉप, मोबाइल, टैब और चार मोबाइल बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि पकड़े गए सांइ वैभव उम्र 20 साल और निशांत उम्र 24 साल को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है यह लोगों को विश्वास में लेकर उनके खाता संख्या लेते हैं फिर उनसे पैसे निकलवा लेते थे, किसी को इंश्योरेंस कंपनी का हवाला देते थे। तो किसी को उनका पैसा डबल करने के लालच में फंसाते थे और फिर अपने बैंक अकाउंट के अलग-अलग इस्तेमाल करते हुए पैसा निकालने और हड़पने का काम किया करते थे।

### खातों में पैसा डालने व निकालने के नाम पर करते थे ठगी



### इधर मिली शिकायत उधर हुई गिरफ्तारी



**करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि इस मामले में नितिन नेगी निवासी सेक्टर-23 ने एक ट्रेडिंग कंपनी में 50 हजार आने और अपने अकाउंट में पैसा डलवाने के लिए कहा था। फिर यह खाता फ्रीज हो गया और उनका अकाउंट माइंस शो करने लगा। इस मामले में उन्होंने मधुबन बापूधाम थाना पुलिस को शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### थाना प्रभारी कर रहे हैं लगातार खुलासे

**करंट क्राइम :** मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में थानाध्यक्ष शैलेंद्र तोमर लगातार खुलासे कर रहे हैं। बदमाशों से लेकर चोरों और साइबर ठगी करने वालों के गैंग का खुलासा भी किया गया है। वहीं लुटरों के साथ मुठभेड़ व अन्य खुलासे भी बीते माह के दौरान किए गए हैं।

## संपादकीय

# कुछ जरूरी सबक

बीते बरस इतने सारे नाटकीय क्षण एकसाथ घटे कि उनमें से किसी एक को सबसे विशिष्ट नहीं कहा जा सकता था। वर्ष की शुरूआत जापान में भूकम्प से हुई थी और यह वैश्विक राजनीति में भूकम्पीय-बदलावों के साथ जारी रहा। आप कह सकते हैं कि यह वह साल था, जब अराजकता को ही ह्यन्यू-नॉर्मलह्न मान लिया गया था। युद्ध और सशस्त्र-संघर्ष इस अराजकता के सबसे बड़े कारण थे। पश्चिम-एशिया संघर्ष का विस्तार हुआ, जिसमें इजराइल ने गाजा से लेबनान, ईरान और अब यमन तक युद्ध को आगे बढ़ा दिया है। उसने हमास और हिजबुल्ला के शीर्ष नेतृत्व को खत्म कर दिया और अब हूतियों के खिलाफ मोर्चा खोल लिया है।

सीरिया में, बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल करने के बाद एक नया शासन स्थापित हुआ है। लाल सागर में लड़ाई के फैलने से वैश्विक शिपिंग बाधित हुई। अमेरिकी इजराइल को घातक हथियार देते रहे और गाजा में खाद्य-सहायता भी गिराते रहे। नेतन्याहू पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाए गए। सबक यह है कि राजनीति में मुंह देखकर तिलक किया जाता है, यह इस पर निर्भर है कि आप किसके मित्र हैं। लेकिन सभी दोस्त हमेशा साथ नहीं रहते। यूक्रेन से पूछिए। उसका समर्थन-आधार ध्रुवीय बर्फ से भी तेजी से पिघल रहा है। और उसका दुश्मन रूस- जिसने उसके पांचवें हिस्से पर कब्जा कर लिया है- शायद अंत में विजयी बनकर उभरे। यह युद्ध फरवरी 2022 से चल रहा है। लेकिन फ्रंटलाइन जस की तस बनी हुई है।

जल्द ही कीव को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता भी बंद हो जाएगी। ट्रम्प युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं। यूरोप जेलेंस्की पर शांति-प्रयासों के लिए दबाव बना रहा है। यूरोप की दो सबसे बड़ी शक्तियां- जर्मनी और फ्रांस- आर्थिक मंदी और राजनीतिक उथल-पुथल का सामना कर रही हैं। यूक्रेन की मदद करने का उनका अब इरादा नहीं। साथ ही, रूस की अर्थव्यवस्था ने जेलेंस्की के कुछ पश्चिमी मित्रों की अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर प्रदर्शन किया है। पुतिन न अलग-थलग पड़े, न ही पराजित हुए।

सबक यह है कि आधुनिक युद्धों में अगर आप पूरी तरह से सहयोगियों पर निर्भर हैं तो आप हमेशा उनकी बदलती प्राथमिकताओं के आसरे रहेंगे। ताइवान को इस पर ध्यान देना चाहिए। बीते साल दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी ने वोट डाले। 70 से ज्यादा देशों में चुनाव हुए और ज्यादातर मामलों में मौजूदा सरकारें हार गईं।

ऐसे में, भारत में मोदी का तीसरा कार्यकाल चमत्कार जैसा है। पिछले कुछ साल पूरी दुनिया के लिए मुश्किल भरे रहे। पहले महामारी और फिर जीवन-यापन के संकट ने असर दिखाया। इसलिए जब लोग वोट डालने गए, तो उन्होंने हुकूमतों के प्रति नाराजी जताई। राजनीतिक-विश्लेषकों ने ताज्जुब किया। लोकतंत्र को झटका लगने की बातें कही गईं। लेकिन सबक स्पष्ट था- अगर सरकार की नीतियां आम लोगों के जीवन में सुधार नहीं ला पाती हैं और रोजी-रोटी मुहैया नहीं करा पाती हैं तो जनता बाहर का रास्ता दिखा देगी।

# विश्व हिंदी दिवस वैश्विक पहचान और सम्मान को दर्शाने के लिए समर्पित




**नई दिल्ली।** विश्व हिंदी दिवस, 10 जनवरी को मनाया जाता है, यह दिन हिंदी भाषा की बढ़ती वैश्विक पहचान और सम्मान को दशार्ने के लिए समर्पित है। भारत सरकार ने 2006 में इस दिन को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की थी, ताकि हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिष्ठा मिल सके। इस दिन का आयोजन दुनिया भर में हिंदी प्रेमियों और भाषा के प्रवर्तकों द्वारा किया जाता है, जिससे यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन जाता है हिंदी के महत्व को स्वीकार करने और प्रचारित करने का। हिंदी, जो अब केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देशों में बोली जाती है, आज अपने एक मजबूत स्थान पर है। विश्व हिंदी दिवस के मौके पर हम यह संकल्प लेते हैं कि हिंदी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और इसे पूरी दुनिया में फैलाने की दिशा में काम करें। इस लेख में आप विद्यालय छात्रों के लिए संक्षिप्त और विस्तृत भाषण के साथ-साथ 10 पंक्तियाँ पढ़ेंगे।

हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है। यह हमारी पहचान है, और हम सभी हिंदी बोलकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखते हैं। हिंदी भाषा का इतिहास बहुत पुराना है और यह हमारे साहित्य, कला, और फिल्म उद्योग का अभिन्न हिस्सा है। हिंदी फिल्मों के माध्यम से यह भाषा न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में लोकप्रिय हुई है। बॉलीवुड ने हिंदी को वैश्विक स्तर पर एक पहचान दिलाई है।

दुनिया भर में हिंदी बोलने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में लगभग 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अलावा, नेपाल, पाकिस्तान, बांगलादेश, श्रीलंका जैसे देशों में भी हिंदी बोली जाती है। आजकल हिंदी का प्रभाव वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है, और विभिन्न देशों में हिंदी सीखने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हिंदी भाषा अब न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोगों के बीच संवाद का माध्यम बन गई है। हिंदी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सभी समुदायों, धर्मों और संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। भारत में विविधता के बावजूद हिंदी ने हमेशा एकता का प्रतीक माना है। यह भाषा हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करती है। हिंदी में संवाद करने से हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को आसानी से व्यक्त कर सकते हैं।

# 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.8 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद : रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि होने का अनुमान है। यह तेजी मजबूत हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर की वजह से देखी जा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, अगले वित्त वर्ष के दौरान नोमिनल जीडीपी वृद्धि लगभग 10.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वृद्धि के प्रमुख संकेतकों में मजबूत हवाई यात्री यातायात, सेवा पीएमआई में वृद्धि और जीएसटी संग्रह में वृद्धि शामिल है। इसके अतिरिक्त, रबी फसल की अधिक बुवाई से कृषि विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थिर आधार प्रदान करेगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूत त्योहारी मांग और आर्थिक गतिविधि में लगातार सुधार के कारण लचीलापन दिखाया है। यह लचीलापन हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर के रूप में दिखाई देता है, जिन्होंने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में शानदार वृद्धि दिखाई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024-25 में मंदी तो रहेगी, लेकिन अच्छी बात यह है कि वित्त वर्ष 2025 में निजी और सरकारी खपत में क्रमशः 7.3 प्रतिशत और 4.1 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है।

इसके अलावा, निर्यात वृद्धि में वित्त वर्ष 2024 में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 5.9 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज होने की संभावना है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2024-25 की दूसरी छमाही में सरकारी व्यय में तेजी आने की उम्मीद है, जो विकास के लिए अहम होगा। इसके अलावा, कृषि क्षेत्र में उच्च विकास को लेकर आशावाद देखा गया है। हालांकि, रिपोर्ट वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण नकारात्मक जोखिमों के बारे में चेतावनी देती है। रिपोर्ट के अनुसार, टैरिफ वॉर का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में आने वाला अमेरिकी प्रशासन संरक्षणवादी व्यापार नीतियों को लागू कर सकता है। इस तरह के उपाय वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकते हैं और संभावित रूप से जवाबी कार्रवाई को गति दे सकते हैं, जिससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता को खतरा हो सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा टैरिफ नीतियों को लागू करने के बाद कई तरह के आर्थिक और रणनीतिक जोखिम बने हुए हैं। इसका वैश्विक व्यापार पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- बांस की व्यापक और मजबूत जड़ प्रणाली होती है जो मृदा को स्थिर रखती है और जमीन के क्षरण को रोकती है।
- चीनी किंवदंती के अनुसार, साल 2697 बीसी में संगीत का आविष्कार किया गया था, जब सम्राट हुआंग ति ने बांस के डंडों को काटने के लिए लिंग लुन को भेजा था, जो फीनिक्स पक्षी की आवाज से मेल खाने जैसी एक ध्वनि पैदा करता था।
- बांस अक्सर एशियाई व्यंजनों में प्रयोग किया जाता है। इसे सलाद के रूप में या सूप के रूप में भी परोसा जा सकता है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा, बांस के खंभे पर एक मूल्य-विवाद ने एक युद्ध को शुरू कर दिया था जिसमें 21 मिलियन लोग मारे गए थे।
- क्या आप जानते हैं? युवा बांस की टहनी में टैक्सीनफिलीन नामक विष शामिल होता है। इसके कारण, उपभोग से पहले बांस को पकाया जाना चाहिए (उच्च तापमान से विषाक्त पदार्थ को नष्ट कर दिया जाता है)।
- बांस से न केवल एक कपड़ा बनाया जा सकता है, बल्कि यह रोगाणुरोधी भी होता है।

# एसआईपी इनफ्लो दिसंबर में पहली बार 26,000 करोड़ रुपये के पार: एम्फी

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) निवेश दिसंबर में पहली बार 26,000 करोड़ रुपये के पार निकल गया है, जो दिखाता है कि छोटे निवेशकों का लंबी अवधि के निवेश के लिए म्यूचुअल फंड पर भरोसा बना हुआ है। दिसंबर में एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड्स में होने वाला निवेश बढ़कर 26,459 करोड़ रुपये हो गया है। नवंबर में यह 25,320 करोड़ रुपये पर था।




एसआईपी के साथ म्यूचुअल फंड (एमएफ) फोलियो की संख्या भी दिसंबर में बढ़कर 22.50 करोड़ हो गई है, जो कि पिछले महीने 22.02 करोड़ पर थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल भारत में एसआईपी निवेश में सालाना आधार पर 233 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हुई है। इसकी वजह भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है, जिसके कारण शेयर बाजार में लगातार तेजी देखी जा रही है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए एनालिटिक्स के अश्विनी कुमार के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचनात्मक वृद्धि की कहानी बरकरार है और भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक ब्राइट स्पॉट बना हुआ है। इस कारण आने वाले वर्षों में घरेलू म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में कई गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। एसआईपी में उछाल ऐसे समय में आया है जब पिछले महीने इक्विटी बाजार का प्रदर्शन धीमा रहा। दिसंबर में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 2.08 प्रतिशत और 2.02 प्रतिशत की गिरावट हुई थी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में रिकॉर्ड 42,76,207 निवेशक भारतीय शेयर बाजार के साथ जुड़े थे। इस साल जुलाई-सितंबर की अवधि में, कुल 1,60,06,447 (1.6 करोड़ से अधिक) लोग शेयर बाजार में शामिल हुए।




## राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आप किसी नये काम की शुरूआत कर सकते हैं।
**वृष:** आपके दिन की शुरूआत भागदौड़ और मेहनत के साथ होगी। अपने रिश्ते में सुधार लाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। रूके हुए कार्य पूरे होंगे।
**मिथुन:** इससे पहले की नकारात्मक विचार मानसिक बीमारी का रूप ले लें, उन्हें खत्म कर दें। ऐसा किसी दान-पुण्य के काम में सहभागिता के जरिए कर सकते हैं।
**कर्क:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है।
**सिंह:** आज आपकी कार्यनिष्ठा ही आपकी विजय का कारण बनेगी। कुछ काम बनेगे और कुछ बनते बनते अपनी ही गलती से रुक सके है या अटक सकते है।
**कन्या:** आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा-पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें। अपना नजरिया दोस्तों और रिश्तेदारों पर थोपने की कोशिश न करें।
**तुला:** आज दिन ठीक-ठाक रहेगा। घर के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना आपके लिए कारगर साबित हो सकता है। परिवार में कुछ अनबन की स्थिति हो सकती है।
**वृश्चिक:** आज का दिन अच्छा रहेगा। कामकाज में धीरे-धीरे वापस गति आएगी। करियर में आगे बढ़ने के कुछ नए मौके मिल सकते हैं।
**धनु:** रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश मुनाफा देंगे। परिवार की भलाई के लिए मेहनत करें। कामों के पीछे प्यार और दूरदृष्टि की भावना हो, न कि लालच का जहर।
**मकर:** आज आप किसी मित्र के साथ कहीं घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं। आपको जीवनसाथी से कोई सुखद समाचार मिल सकता है।
**कुंभ:** आज आपके घर में अच्छा माहौल बना रहेगा प्रोफेशनल मोर्चे पर आपके शत्रु और प्रतिद्वंदी की योजनाएं निष्फल होंगी। भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी।
**मीन:** धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा होगी।

## चुटकुले

संता- यार मेरे बोर्ड के एग्जाम शुरू होने वाले हैं
बंता- अबे तो डरता क्यों है?
संता- सब बोलते हैं दसवीं का एग्जाम ही सबसे इम्पोर्टेन्ट हैं
बंता- अबे ज्यादा टेंशन मत ले
10 वीं की मार्कशीट तो बस जन्मतिथि देखने के काम ही आती है।

---

चंपू- सोचा था, दो पैग मार के 10 बजे तक घर पहुंच जाऊंगा।
गप्पू- हां तो क्या हुआ?
चंपू- ये पैग और टाइम कब आपस में बदल गए, पता ही नहीं चला यार।

---

पापा- क्या बात है चिंटू आज बड़ा खुश है?
चिंटू- बस पूछो मत पापा
पापा बता....कमबख्त क्या गुल खिला रहा है
बेटा आपकी होने वाली बहू 12वीं में पास हो गई है
फिर क्या था....दे लात और दे चप्पल पड़ी!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सिनर, सबालेंका को ऑस्ट्रेलियन ओपन में शीर्ष वरीयता क्वार्टर फाइनल में भिड़ सकते हैं जोकोविच, अल्काराज

**मेलबर्न ।** गत चैंपियन जानिक सिनर और आर्यना सबालेंका को वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष और महिला वर्ग के एकल ड्रॉ में शीर्ष वरीयता दी गई है। गुरुवार को मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के लिए स्टार-स्टडेड लाइनअप का अनावरण किया गया।

पिछले साल अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब हासिल करने वाले विश्व नंबर 1 सिनर पहले दौर में चिली के निकोलस जैरी के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। 2024 के सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले सिनर एटीपी टूर पर शीर्ष खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहते हैं।

दस बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच का सामना वाइल्डकार्ड निशेश बसवरेड्डी से होने वाला है, जो एक उभरती हुई अमेरिकी प्रतिभा हैं। 2023 में आखिरी बार जीते गए खिताब को फिर से हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित सर्ब, तीसरे वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज से एक ब्लॉकबस्टर क्वार्टरफाइनल मुकाबले में भिड़ सकते हैं।

अल्काराज, जो करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने पर नजर गड़ाए हुए हैं, कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे।

स्पैनियार्ड ड्रॉ के उसी हिस्से में हैं, जिसमें दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव हैं, जो अपने अभियान की शुरूआत फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड लुकास पॉइल के खिलाफ करेंगे।

पिछले साल के यूएस ओपन में उपविजेता रहे चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज, शुरूआती दौर में साथी अमेरिकी जेनसन ब्रूक्सबी से भिड़ेंगे। फ्रिट्ज सिनर के समान ही आधे हिस्से में हैं, जिससे सेमीफाइनल में उनके रोमांचक 2024 यूएस ओपन फाइनल का संभावित रीमैच हो सकता है।

पांचवीं वरीयता प्राप्त तीन बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन उपविजेता दानिल मेदवेदेव अपने पहले मैच में थाई वाइल्डकार्ड कासिडित समरेज का सामना करेंगे। मेदवेदेव फ्रिट्ज के समान क्वार्टर में हैं, जिससे ड्रॉ का काफी प्रतिस्पर्धी सेगमेंट बन गया है।

विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका इतिहास रचने की दहलीज पर हैं, क्योंकि वह पूर्व यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा शुरू करेंगी। सबालेंका मार्टिना हिंगिस (1997-99) के बाद लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश कर रही हैं।

दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वीयाटेक, जो मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन हैं, अपने पहले मैच में चेक की अनुभवी खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा का सामना करेंगी। मेजर में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली स्वीयाटेक का सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी से सामना होने की उम्मीद है।



# मंधाना की कप्तानी में भारतीय टीम की नजरें जीत की लय कायम रखने पर, रेणुका की खलेगी कमी

**राजकोट ।** वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम स्मृति मंधाना की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही पहली महिला द्विपक्षीय वनडे सीरीज में इस लय को कायम रखना चाहेगी। भारत ने वेस्टइंडीज को वनडे सीरीज में 3-0 से और टी20 में 2-1 से हराया था। मंधाना ने दोनों प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाए जिसमें वनडे सीरीज में 148 और टी20 में 193 रन शामिल हैं।

**मंधाना अपने शानदार फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी :** मंधाना उसी फॉर्म को आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में जारी रखना चाहेंगी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में वह कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालेंगी। हरमनप्रीत और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को आराम दिया गया है। हरमनप्रीत और रेणुका की गैर मौजूदगी में हरलीन देओल, प्रतीका रावल और जेमिमा रॉड्रिग्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। देओल ने वनडे



सीरीज में 160 रन बनाए, जबकि रावल ने 134 और जेमिमा ने 112 रन का योगदान दिया।

टीम इंडिया को रेणुका की कमी खल सकती है गेंदबाजी में रेणुका की कमी खलेगी जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 10 विकेट लिए थे। अब नई गेंदबाज टिटास साधू और साइमा ठाकोर पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। वनडे में तीन और टी20 में 13 विकेट ले चुकी साधू पर शुरूआती विकेट लेने की जिम्मेदारी होगी।

उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी रफ्तार और स्विंग से प्रभावित किया है। वहीं साइमा ने अब तक आठ वनडे में सात विकेट लिए हैं।

## टीम में उपकप्तान दीप्ति की भूमिका भी अहम

ऑफ स्पिनर और उपकप्तान दीप्ति शर्मा की भूमिका भी अहम होगी जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में 31 रन देकर छह विकेट लिए।

# शिव थापा, सचिन सिवाच ने पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन चमक बिखेरी

**बरेली ।** असम का प्रतिनिधित्व करते हुए, थापा, जिन्होंने लंदन 2012 में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय मुक्केबाज के रूप में इतिहास रचा था, ने अपने अभियान के लिए एक मजबूत स्वर स्थापित करते हुए अपने शुरूआती मुकाबले में इनायत खान को 5-0 से हराया।

थापा के साथ सुर्खियों में शामिल हुए, पूर्व विश्व युवा मुक्केबाजी चैंपियन सचिन सिवाच ने अक्षय के खिलाफ सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के लिए 5-0 की शानदार जीत के साथ चैंपियनशिप में अपनी शुरूआत की।

टूर्नामेंट के दूसरे दिन तीसरे सत्र में भी रोमांचक शुरूआती मुकाबला देखने को मिला, जिसमें राजस्थान के देवांश सोलंकी ने फ्लाईवेट (47-50 किग्रा) वर्ग में उत्तर प्रदेश के विकास सिंह को सर्वसम्मति से हराया। इसी



**वेल्टरवेट (60-65 किग्रा) चैंपियन शिव थापा ने एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार जीत के साथ अपना खिताब बचाओ अभियान शुरू किया**

वर्ग में छत्तीसगढ़ के आशुतोष यादव ने गुजरात के अकलीम खान को मात देते हुए राउंड 1 में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

सत्र 4 में, टीम एसएससीबी ने कई श्रेणियों में जीत के साथ अपना दबदबा मजबूत किया। हितेश गुलिया, दीपक, जुगनू और विशाल ने अपने कौशल और ताकत का प्रदर्शन करते हुए क्रमशः लाइट मिडलवेट, वेल्टरवेट, क्रूजरवेट और हैवीवेट डिवीजनों में जीत हासिल की।

राजस्थान ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें प्रियदर्शी सिंह आशिया (लाइट मिडलवेट), पुष्पेंद्र सिंह (क्रूजरवेट) और हर्ष चौधरी (हैवीवेट) सभी अपने विरोधियों के खिलाफ विजयी हुए, जिसने चैंपियनशिप में टीम की समग्र महारत को उजागर किया।

उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) द्वारा आयोजित यह सप्ताह भर चलने वाला टूर्नामेंट 7 से 13 जनवरी तक उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

# वेस्ट हैम यूनाइटेड ने ग्राहम पॉटर को नया मुख्य कोच नियुक्त किया

**लंदन ।** वेस्ट हैम यूनाइटेड ने ग्राहम पॉटर को ढाई साल के अनुबंध पर अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। उन्होंने जुलेन लोपेटेगुई की जगह ली है, जिन्हें क्लब ने बुधवार को केवल 20 मैच खेलने के बाद बर्खास्त कर दिया था।

पॉटर पहली बार अपनी नई टीम की कमान संभालेंगे, जब वेस्ट हैम शुक्रवार शाम को एफए कप के तीसरे दौर में एस्टन विला की यात्रा करेगा। वेस्ट हैम के साथ उनका पहला प्रीमियर लीग मैच 14 जनवरी को फुलहम के खिलाफ घरेलू मैदान पर लंदन डर्बी होगा। हैमर्स में उनके साथ ब्रूनो (सहायक कोच), बिली रीड (प्रथम-टीम कोच) और नार्सिस पेलाच (प्रथम-टीम कोच) शामिल होंगे।

49 वर्षीय पूर्व ब्राइटन एंड होव एल्बियन और चेल्सी के मुख्य कोच 21 महीने की अनुपस्थिति के बाद



प्रीमियर लीग में लौटे, अप्रैल 2023 में चेल्सी में अपनी आखिरी भूमिका छोड़ने के बाद पॉटर ने एक बयान में कहा, ₹मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि मैं तब तक प्रतीक्षा करूं जब तक कि मुझे ऐसा काम न मिल जाए जो मुझे सही लगे, और साथ ही यह भी कि मैं जिस क्लब में शामिल हो रहा हूं उसके लिए मैं सही हूं। वेस्ट हैम यूनाइटेड के साथ मेरी यही भावना है।'' उन्होंने कहा, वेस्ट हैम यूनाइटेड एक बहुत बड़ा क्लब है, जो लंदन के केंद्र में है ।

# हमारे पास एसए20 में बेहतरीन स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं: लीग कमिश्नर ग्रीम स्मिथ

**नई दिल्ली ।** गुरुवार को एसए20 सीजन 3 की शुरूआत के साथ, लीग कमिश्नर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेट कप्तान ग्रीम स्मिथ ने अपने विचार साझा किए कि एसए20 दुनिया की बाकी टी20 लीगों से किस तरह अलग है।

और फिर, उसके बाद दूसरे नंबर पर प्रशंसक हैं। मुझे लगता है कि प्रशंसक बड़ी संख्या में आए हैं। स्टैंड में लोगों को शानदार समय बिताते हुए, अपनी टीमों के साथ खड़े होते





हुए और माहौल का आनंद लेते हुए देखना। मैं पहले हफ़्ते में [illegible] स्टेडियम में सीजन 1 और सीजन 2 में खड़े होकर और प्रत्येक टीम के प्रशंसकों और रंगों को समर्थन करते हुए देखना कभी नहीं भूलूंगा। और मुझे लगता है कि ये अविश्वसनीय कहानियां हैं जिन्हें साल दर साल बनाया जा सकता है।

हमें वैश्विक स्तर पर जो प्रतिक्रिया मिलती है, वह यह है कि जब लोग टीवी देखते हैं, तो वे एक खुशहाल दक्षिण अफ्रीका, गर्मियों, भरे हुए स्टेडियम और अविश्वसनीय क्रिकेट देखते हैं। इसलिए, उम्मीद है कि यह इस साल भी जारी रहेगा,

अफगानिस्तान के सुपरस्टार, जिन्होंने सीजन 1 के दौरान एमआई केप टाउन की कप्तानी की थी, लेकिन दुर्भाग्य से चोट के कारण पिछले सीजन में टीम से बाहर हो गए थे, अब इस सीजन में टीम की कमान संभालने के लिए वापस आ गए हैं।

राशिद एक अनुभवी अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं, जिन्होंने 29 टी20 में अफगानिस्तान का नेतृत्व किया है। उन्होंने पिछले साल त्रिनिदाद और टोबैगो में प्रोटियाज के खिलाफ पहली बार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में अफगान टीम का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

चूंकि एमआई केप टाउन पिछले दोनों संस्करणों में प्लेऑफ से चूकने के बाद सीजन 3 में वापसी की कोशिश कर रहा है, राशिद ने में कप्तान होने के बारे में बात की और कहा, मेरे लिए, यह पहली बार था जब मैंने किसी फ्रेंचाइजी में टीम का नेतृत्व किया, और यह मेरे लिए एक अलग अनुभव भी था। मैंने बहुत सी चीजें की हैं, आप जानते हैं, मुझे लगता है कि मैंने एक अलग निर्णय लिया होता। लेकिन आप हमेशा अपनी गलतियों से सीखते हैं, और यह पहला साल था।

उन्होंने कहा, इसलिए, जैसा कि मैंने कहा, हमारे पास कुछ बेहतरीन मैच थे, लेकिन अंत में, हम पिछली बार अपनी घबराहट को नियंत्रित नहीं कर पाए, और हम उस स्थिति में मैच हार गए। मुझे लगता है, आप जानते हैं, हम बस बुनियादी बातों को सही करते हैं। हम खुद का आनंद लेते हैं, हम मैदान पर मौज-मस्ती करते हैं, और सुनिश्चित करते हैं कि हम 100 प्रतिशत खेलें। यही एकमात्र तरीका है जिससे हम सही परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय निशानेबाजी : डेरियस ने नबी को शूट-ऑफ में हराकर सीनियर मास्टर ट्रैप खिताब जीता

**नई दिल्ली ।** पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन तेलंगाना के डेरियस चेनाई ने उत्तर प्रदेश के नबी इकबाल को शूट-ऑफ (1-0) में हराकर यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शॉटगन स्पधाओं के लिए राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) में सीनियर मास्टर पुरुष ट्रैप खिताब जीता।50 शॉट के फाइनल में दोनों निशानेबाज 37 हिट के साथ बराबरी पर रहे। सात बार के पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता यूपी के मोराद अली खान ने फाइनल में 23 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।



इससे पहले, नबी ने क्वालीफिकेशन में 98 शॉट लगाए और निर्णायक मुकाबले में छह खिलाड़ियों की अगुवाई की। डेरियस ने 94 हिट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि मोराद ने 93 के साथ चौथा क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया।

# भारत ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कमी महसूस की : सुनील जोशी

**नई दिल्ली ।** हालांकि, जसप्रीत बुमराह और अन्य गेंदबाजों के बीच का अंतर हाल ही में ऑस्ट्रेलिया से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 3-1 से मिली हार में स्पष्ट था।

जबकि बुमराह 151.2 ओवरों में 13.06 की औसत और 28.4 की स्ट्राइक रेट से 32 विकेट लेकर सभी से आगे निकल गए, भारत के अन्य तेज गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी शामिल हैं जिन्होंने 351 ओवरों में 40 विकेट लिए, जिनका औसत और स्ट्राइक-रेट क्रमशः 34.82 और 52.6 रहा।

तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता और बुमराह पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य के लिए भारत के तेज गेंदबाजी स्टॉक पर सवाल उठाती है। 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की 2-1 सीरीज जीत के दौरान पूर्व भारतीय स्पिनर और मुख्य चयनकर्ता सुनील जोशी तेज गेंदबाजी की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं, लेकिन उन्हें लगता है



**ऑस्ट्रेलिया में भारत की ऐतिहासिक दो टेस्ट सीरीज जीत उनके प्रभावशाली गेंदबाजी लाइन-अप से काफी प्रभावित थी**

कि भारत को अपने लाइन-अप में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कमी खली।

नहीं, क्योंकि हमारे पास पहले से ही ट्रॉय कूली हैं, वह एनसीए में रहे हैं, और तेज गेंदबाजी पूल की देखभाल कर रहे हैं। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि कोई चिंता होनी चाहिए। लेकिन निश्चित रूप से, हमें उस लाइन-अप में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कमी खली।''

अगर कोई बाएं हाथ का तेज गेंदबाज होता, तो कोण में थोड़ा बदलाव होता क्योंकि अधिकांश ऑस्ट्रेलियाई, अंग्रेजी या न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के लिए बहुत सहज नहीं होते क्योंकि आप गेंद को अलग कोण से दूर ले जाते हैं।

जोशी ने 'आईएएनएस' से खास बातचीत में कहा, हमें बस विविधता की जरूरत थी, लेकिन सौभाग्य से या दुर्भाग्य से, दोनों गेंदबाज यश दयाल और खलील अहमद मौजूद थे, लेकिन वे खेल नहीं पाए और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जोशी ने 2020/21 सीरीज के दौरान के समय को याद किया, जब भारत के कई खिलाड़ी चोटिल हो गए थे और जो खिलाड़ी दौरे पर नेट बॉलर के तौर पर गए थे, उन्होंने खेला, अच्छा प्रदर्शन किया और मैच जीते।

# गुप्तिल ने अंतरराष्ट्रीय करियर के अंत पर थोड़ी निराशा जताई

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्तिल को लगता है कि उनके पास राष्ट्रीय टीम में योगदान देने के लिए और भी बहुत कुछ था और उन्होंने इस बात से थोड़ी निराशा व्यक्त की कि यह सब कैसे समाप्त हुआ।

38 वर्षीय बल्लेबाज, जिन्होंने 2022 के अंत में कहीं और खेलने के अवसरों की तलाश में अपना अनुबंध वापस कर दिया, ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की पुष्टि की। उन्होंने ब्लैक कैप्स के लिए 367 मैच (198 वनडे, 122 टी20, 47 टेस्ट) खेले, जिसमें तीनों प्रारूपों में 23 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाए।

उन्होंने अपने 14 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर (2009 से 2022) को 122 टी20 मैचों में 3,531 रन बनाकर न्यूजीलैंड के अग्रणी टी20 रन-स्कोरर के रूप में समाप्त किया, और उनके 7,346 वनडे रनों ने उन्हें रॉस टेलर और स्टीफन फ्लेमिंग के बाद वनडे सूची में तीसरे स्थान पर रखा।

गुप्तिल ने न्यूजीलैंड हेराल्ड को उद्धृत किया, मुझे लगता है कि यह



वही है जो है, और इसके आसपास जो निर्णय लिए गए हैं। जाहिर है कि मैं और अधिक खेलना पसंद करता, मुझे लगता है कि मेरे पास न्यूजीलैंड क्रिकेट और ब्लैक कैप्स को देने के लिए बहुत कुछ था। लेकिन यह वही है जो है। मैं इस बात से थोड़ा निराश हूं कि यह सब कैसे समाप्त हुआ, लेकिन मुझे आगे बढ़ना है और आगे बढ़ना है।''

गुप्तिल ने 2009 में अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर तब धमाका किया जब वे ईडन पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू पर शतक बनाने वाले पहले न्यूजीलैंड के खिलाड़ी बने। इसके अलावा, वे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 में वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले न्यूजीलैंड के खिलाड़ी थे, जब उन्होंने वेलिंगटन स्टेडियम में वेस्टइंडीज पर क्वार्टर फाइनल में जीत के दौरान नाबाद 237 रन बनाए थे।

वह पारी, 2013 में साउथम्प्टन में इंग्लैंड के खिलाफ उनकी नाबाद 189 रन की पारी और 2017 में हैमिल्टन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी नाबाद 180 रन की पारी।



# पंजाब एफसी अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की उम्मीद के साथ नॉर्थईस्ट यूनाइटेड का करेगा सामना

**गुवाहाटी ।** पंजाब एफसी कल इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना करने के लिए तैयार है। यह मुकाबला इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब एफसी, जिसे द शेर के नाम से जाना जाता है, इस मैच में जीत के साथ 18 मैचों से 21 अंकों तक पहुंच सकता है और प्लेऑफ स्थान से केवल एक अंक दूर रह जाएगा। वहीं, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड, जो वर्तमान में 22 अंकों के साथ अंतिम प्लेऑफ स्थान पर है, जीत हासिल करके अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहेगा। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

पिछले मैचों के प्रदर्शन पर बात करते हुए, पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने कहा, जब एक टीम को अपनी अपेक्षित सफलता नहीं मिलती और लगातार चार मैच हार जाती है, तो यह हमें यह एहसास कराता है कि हमें अपने खेल में सुधार करना होगा। इन नतीजों के पीछे कई कारण हैं, जिन्हें हमने पहचाना है और कल के मैच में उन्हें सुधारने की कोशिश करेंगे। पिछले कुछ मैचों में हमने कई गोल खाए हैं, इसके बावजूद हमारे पास इस सीजन के बेहतरीन रक्षात्मक आंकड़े हैं।

टीम के खिलाड़ियों की उपलब्धता पर कोच ने कहा, हमारे सभी खिलाड़ी कल के लिए उपलब्ध हैं क्योंकि वे चोट और निलंबन से लौट चुके हैं। हालांकि, उन्हें पूरी लय में आने के लिए कुछ और मैचों की आवश्यकता होगी।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और उनके कोच जुआन पेड्रो बेनाली के बारे में बात करते हुए डिल्मपेरिस ने कहा, मैं जुआन पेड्रो बेनाली का बहुत सम्मान करता हूं। वह अपनी टीम को एक इंजन की तरह प्रशिक्षित करते हैं। वे हर सेकंड का उपयोग करते हैं, उनकी आक्रमण रणनीति प्रभावशाली है और उनकी रक्षात्मक प्रणाली भी मजबूत है। हम कल किसी एक खिलाड़ी पर ध्यान केंद्रित नहीं करेंगे क्योंकि उनके 11 खिलाड़ी मैदान पर होंगे। हमारे पास उनके खिलाफ अपनी योजनाएं हैं और हम उनकी कमजोरियों का लाभ उठाकर सकारात्मक परिणाम हासिल करने की कोशिश करेंगे।

पिछले मैच में पंजाब एफसी को केरल ब्लास्टर्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने नवागंतुक मोहम्मडन एससी के खिलाफ गुवाहाटी में गोल रहित ड्रॉ खेला।

पंजाब एफसी के लिए लुका मैजसेन, पुल्गा विडाल और फिलिप म्रजलजक जैसे मुख्य आक्रमणकारी खिलाड़ी वापस लौट रहे हैं। वहीं, रक्षा में इवान नोवोसेलेक भी टीम को मजबूती प्रदान करेंगे।

प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने विचार साझा करते हुए, डिफेंडर प्रमवीर सिंह, जो आईएसएल मैच में शुरूआत करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने, ने कहा, कोच ने मुझ पर विश्वास जताया है ।

# महानगर अध्यक्ष पद दावेदारी के दौरान की झलकियां



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद, करंट क्राइम : गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के नेहरू नगर स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में सुबह से लेकर शाम तक पार्टी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम लग रहा। यहां महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्र का वितरण और जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रक्रिया के पहले दिन भारी संख्या में महानगर अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के कई प्रमुख चहरों और आम कार्यकर्ताओं से लेकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने आवेदन पत्र लिए और जमा करने का काम किया है। भाजपा के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को 63 भाजपा कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्र लेते हुए जमा करने का काम किया है।

# बिजली विभाग ने बकायेदारों के काटे कनेक्शन

## 24 उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बिजली विभाग की तीन टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान छोटे-बड़े बकाएदारों में कुल 148 के कनेक्शन बिल बकाया होने पर कनेक्शन काट दिए। साथ ही 24 उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। बकायेदार उपभोक्ताओं से करीब 11 लाख रुपये की वसूली की गई। इस दौरान उपभोक्ताओं को चेतावनी भी दी गई कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं, पहले वह बकाया चुकता करें, उसके बाद ही काटे गये कनैक्श्ज्ञन जोड़े जायेंगे। चोरी से जोड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियंता ने कहा कि किसी भी दशा में क्षेत्र में बिजली चोरी व बकाया पर कोई हस्तक्षेप बर्दाशत नहीं होगा। अगर उपभोक्ताओं को बिजली चाहिए तो बिल तो अदा करना ही होगा।

## एचएमपीवी वायरस : डब्ल्यूएचओ ने सतर्कता बरतने के दिये निर्देश




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर दुनियाभर में अलर्ट की स्थिति है। चीन में दिसंबर के मध्य से फैल रहे संक्रमण को लेकर डर की स्थिति तब और बढ़ गई, जब भारत में एचएमपीवी के मामलों की पुष्टि हुई। इस बीच चिकित्सकों व विशेषज्ञों का कहना है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस कोई नया वायरस नहीं है, बल्कि इसका अस्तित्व दुनिया में करीब 60 साल से माना जा रहा है। इसके प्रभावों को लेकर डब्ल्यूएचओ से लेकर अलग-अलग स्वास्थ्य संस्थानों ने सावधान रहने को कहा है, हालांकि इसे बड़ा खतरा नहीं माना जा रहा है।

# पुलिस बल की मौजूदगी में नगर पालिका ने हटाया अवैध अतिक्रमण



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने गुरुवार को पुलिस फोर्स के साथ कस्बा मार्ग से नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटा दिया।

अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों व अधिकारियों के बीच मामूली कहासुनी भी हुई, लेकिन पालिका को अतिक्रमण हटाने में सफलता हासिल हुई। गौरतलब हो कि शहर के अति व्यस्त कस्बा मार्ग पर दिल्ली-मेरठ मार्ग से गांव बेगमाबाद तक बने नालों पर दुकानदारों ने पक्का अतिक्रमण कर रखा है। अधिशासी अधिकारी नरेन्द्र मोहन मिश्र ने बताया कि एक माह पहले अतिक्रमण हटाने का नोटिस दुकानदारों को दे दिया गया था। नालों पर किया पक्का अतिक्रमण हटा दिया गया। अब यहां से होकर गुजरने वाले आमजनों को राहत मिलेगी और जाम की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।




### इस बात से मत करना अब ना नुकर वो हैं भगवा ब्राहम्णों के ठाकुर

कमल वालों के यहां छोटे से पद का बड़ा सेलीब्रेशन होता है और कहा भले ही सब का साथ सब का विकास जाये लेकिन फोकस में अपना ही नाम होता है। सीन मडंल का है और तारणहार की भूमिका में दोनो ब्राहम्ण चेहरे हैं। सियासी पिच पर इन दिनो दोनो ही जबरदस्त बैंटिग कर रहे हैं। कमल वालों के शहर में कमाल लाईन के इस पार वालों से लेकर नदिया के उस पार वालों ने ही दिखाया है। बात जब ठाकुर चेहरे को ही लेने की बात आ गई तो दोनो ब्राहम्ण सूरमा अपनी अपनी लिस्ट के ठाकुर नाम लेकर आ गये। फूल वालों की कमांडरी हैं तो नाम इस चमन में कमांडर के चौहान का ही आयेगा। दूसरे पंडित जी ने कहा कि अजी ऐसे कैसे आयेगा और उनका ठाकुर अगर इस चमन में आयेगा तो हमारा भी ठाकुर फिर पूरे गौरव के साथ आयेगा। सुना है कि पूरे स्टाईल के साथ अपने अपने नामों का प्रोफाइल भी बताया गया है। इस पूरे सीन को देख सुन रहे भाजपाई ने ही कहा कि अब इस बात में तो कोई ना नुकर करने की बात ही नही है कि ये दोनो कुछ भी कहें लेकिन माना तो यही जायेगा कि ये दोनो तो भगवा ब्राहम्णो के ठाकुर हैं और दोनो में बने कोई भी लेकिन होगा वही जो भगवा पंडित जी बोलेगें कहेगें।

### मिला भगवा जीजा का आर्शीवाद इसलिये मडंल में हो गई जिन्दाबाद

पाॅवर का करंट अलग ही होता है और इसका मुलाहिजा हो भी रहा है। बूथ अध्यक्ष के घर के बाहर नेम प्लेट भी ढोल बजा कर लग रही है और मडंल का कमंडल थामने के लिये सिफारिश रिश्तेदारों की भी लग रही है। इस मडंल में वो रिपीट हुये तो कई के कयास और प्रयास दोनो ही बीट हो गये। बताते हैं कि इधर सीन बिरादरी एकता का भी हुया और सीन में जीजा आर्शीवाद भी आ गया। पड़ोस वाले जिले में जीजा जी और पड़ोस वाले जिले में बिरादरी वाले सगंठन भाईसाहब। अब सिफारिश राणा प्रताप लेवल की हो तो सारे रूल चेतक की तरह उड़न छू हो गये। सुना है कि पड़ोस वाले भगवा जीजा जी ने जब मडंल वाले रिश्तेदार की हिमायत की तो बिरादरी वाले भाईसाहब भी मेरठ वाले दफ्तर में बैठकर गाजियाबाद वाले मडंल में ऐज वाले रूल को भूल गये। सुना है मडंल वाली इस ताजपोशी के सीन में हिमायत के तीन भगवा गढ़ विधायक भी हैं।

## पंजाबी समाज धूमधाम से मनाएगा लोहड़ी पर्व : अजय ग्रोवर



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पंजाबी समाज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोहड़ी पर्व धूमधाम के साथ मनाये जाने की तैयारियां कर रहा है। पंजाबी समाज के मोदीनगर अध्यक्ष अजय ग्रोवर ने बताया कि इस बार आगामी 11 जनवरी को लोहड़ी का पर्व विश्वभर में मनाया जायेगा। मोदीनगर में आयोजित इस उत्सव कादराबाद स्थित एक बैंकटहाल में किया जाएगा। जिसमें बागपत मोदीनगर के लोकसभा सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, पालिका चेयरमैन विनोद जाटव उर्फ वैशाली सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

## नगर पालिका ने करोड़ों की भूमि को कब्जामुक्त कराया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पालिका के अधीन गांव कादराबाद की करोड़ों की भूमि को नगर पालिका के संचल दस्ते ने पहुंचकर दबंगों से कब्जामुक्त कराया है, और उस पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया। साथ ही चेताया कि यदि भूमि पर फिर कब्जे का प्रयास किया तो उसके विरूद्ध भूमाफिया के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

## तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में मैजिक शो का आयोजन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मैजिक शो का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा हमारे शिक्षण संस्थान में वैज्ञानिक मैजिक शो के माध्यम से बच्चों को शिक्षाप्रद मैजिक शो दिखाना रहा। विद्यालय के प्रबंधक विनोद माहेश्वरी ने मैजिक शो के प्रमुख वीके सम्राट को चौदह हजार का चैक भेंट किया।




## क्या लंबी पारी वालों पर है किसी की नजर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि यहां लंबी पारी खेलने वाले कई थ्री, टू स्टारों के साथ ही एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को लेकर जल्द ही मंथन शुरू हो सकता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि तीनों जोन में ऐसे थाना प्रभारी के नाम खोजे जा रहे हैं, जो एक साल की पारी खेल चुके हैं और अब उनको रिप्लेस किया जा सकता है। देखना होगा कि किसको दोबारा से मौका मिलेगा या किसको रेस्ट दिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक दर्जन से अधिक ऐसे चौकी प्रभारी भी हैं, जो एक साल वाली पारी खेल चुके हैं। उनकी वर्किंग के आगे उनके इलाके वाले साहब लोग नई सर्चिंग नहीं कर रहे हैं। वहीं कहा जा रहा है कि उनके जोन वाले साहब जल्द ही कोई फैसला ले सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट में एसीपी स्तर के भी कई अधिकारी हैं, जो एक साल और उससे भी अधिक की पारी खेल चुके हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में छोटी तबादला लिस्ट चलने की लगातार चर्चाएं सुनाई दें रही हैं लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि एसीपी स्तर और थाना प्रभारी वाली लिस्ट को लेकर कब असली फरमान जारी होगा। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके का माहौल चल रहा है, तो जनवरी में किसी भी दिन लोकल तबादला एक्सप्रेस जारी हो सकती है। इसमें कई सर्किल और जोन में तैनात थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को खुशी मिलेगी, तो कुछ को साइड लाइन वाला संदेश भी सुनाया जा सकता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों कुछ थ्री-स्टार और टू-स्टार के अप्रूवल हुए थे, देखना होगा अप्रूवल हासिल करने वालों पर कोई कृपा होती है या वह अभी लाइन और थानों में अतिरिक्त रूप से जमे रहेंगे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आमतौर पर देखा जाता है कि जनवरी का महीना छोटे-मोटे तबादलों और बदलाव वाला माह होता है लेकिन अभी तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कोई ऐसी तबादला लिस्ट और टविस्ट् आने को लेकर हलचल नहीं दिखाई दे रही है। जो बताएं कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में क्या बदलाव होंगे। वहीं चर्चा यह शुरू है क्या लंबी पारी वालों पर किसी की नजर है, जो उनपर जल्द ही कोई आदेश लिया जाएगा।



# ग्रूमिंग गैंग के खिलाफ बुलंद हो रही आवाज

## प्रियंका चतुर्वेदी के ट्वीट पर एलन मस्क ने दिया जवाब





**वॉशिंगटन ।** ब्रिटेन में लगातार ग्रूमिंग गैंग्स के मामले बढ़ रहे हैं। इस मुद्दे पर अब सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना पार्टी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर कहा कि ब्रिटेन में बढ़ रहे ग्रूमिंग गैंग्स के लिए एशिया को दोषी ठहराना गलत है, बल्कि एक खतरनाक देश पाकिस्तान को इसका जिम्मेदार माना जा सकता है। इस पर टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने भी अपनी सहमति जताई।

राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'ब्रिटेन में ये एशियन ग्रूमिंग गैंग नहीं है, बल्कि पाकिस्तान ग्रूमिंग गैंग है।' इसी पर जवाब देते हुए स्पेसएक्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि यह सच है। यह है मामला

शिवसेना (यूबीटी) नेता ने ब्रिटेन के लेबर प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के उस बयान पर आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि 2008 से 2013 के बीच क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (उढर) के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने एशियाई ग्रूमिंग गिरोह के खिलाफ पहली बार मुकदमा चलाया था। दरअसल, विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी ने उत्तरी इंग्लैंड में बच्चों के खिलाफ दशकों पुराने यौन अपराधों के लिए एक राष्ट्रीय जांच की मांग उठाई है।

### पाकिस्तान को विदेशी सहायता रोकने की मांग

ब्रिटिश सांसद रूपर्ट लोव ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पाकिस्तान को दी जाने वाली विदेशी सहायता रोकने की मांग की। इसके बाद अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने भी इसका समर्थन किया। रिफॉर्म पार्टी के सदस्य लोवे ने विदेशी सहायता के लिए ब्रिटेन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और कहा कि साल 2023-2024 के लिए पाकिस्तान को दी जाने वाली सहायता राशि 41.5 मिलियन पाउंड है और अगले साल इसे तीन गुना बढ़ाकर 133 मिलियन पाउंड (14,12,49,05,900) किया जाएगा। अगर इसे बंद कर दिया जाता है तो पाकिस्तान को बड़ा झटका लगेगा। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट से गुजर रहा है। लोव ने सवाल उठाया कि क्या इस तरह की सहायता का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है और मांग की कि भविष्य में सभी भुगतान तब तक रोक दिए जाएं।

# पूर्व बांग्लादेशी राजदूत बोलीं- भारत के साथ शानदार व्यापारिक संबंध, पाकिस्तान कभी आगे नहीं निकल सकता

**ढाका ।** भारत में बांग्लादेश की पूर्व उप-उच्चायुक्त मशफी बिन्ते शम्स ने कहा कि ढाका और नई दिल्ली के रिश्ते बहुत पुराने हैं। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत से प्रत्यर्पण मुद्दा महत्वपूर्ण है, लेकिन यह दोनों देशों के रिश्तों को तनावपूर्ण नहीं बनाता है। इसके अलावा, उन्होंने भारत और पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के व्यापारिक संबंधों को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ व्यापार कभी भी भारत के साथ व्यापार से आगे नहीं निकल सकता है।



एक साक्षात्कार में शम्स ने बताया कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते पिछले 50 वर्षों में मजबूत हुए हैं और यह एक दीर्घकालिक संबंध है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें केवल तात्कालिक मुद्दों पर नहीं, बल्कि लंबे समय के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

शम्स ने कहा कि प्रत्यर्पण प्रक्रिया जटिल होती है और इसमें कानूनी और प्रशासनिक पहलू शामिल होते हैं। जब दो देशों के बीच सहयोग होता है, तो भी यह प्रक्रिया पूरा होने में सालों लग सकते हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि पहले भी बांग्लादेश से भारत में प्रत्यर्पित किए गए लोगों की प्रक्रिया में बहुत समय लगा था। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक लक्ष्यों और संबंधों पर ध्यान देना चाहिए, न कि केवल मौजूदा समस्याओं पर। भारत के साथ व्यापार से कभी आगे नहीं निकलेगा पाकिस्तान के साथ व्यापारः शम्स पाकिस्तान और ढाका के बीच नजदीकियों को लेकर बढ़ते तनाव के बीच, मशफी बिन्ते शम्स ने कहा कि बांग्लादेश का पाकिस्तान के साथ बढ़ता व्यापार भारत के लिए चिंता का विषय नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के साथ व्यापार कभी भी भारत के साथ व्यापार से आगे नहीं निकलेगा। पाकिस्तान के साथ रिश्तों से कहीं ज्यादा मजबूत भारत-बांग्लादेश के संबंध शम्स ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच लोग, संस्कृति, भाषा और अन्य कई समानताएं हैं, जो पाकिस्तान के साथ संबंधों से कहीं ज्यादा मजबूत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बांग्लादेश के पाकिस्तान के साथ कुछ अनसुलझे मुद्दे हैं, जिनके कारण ढाका अभी भी पाकिस्तान को पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ कुछ व्यापारिक संबंध बढ़ रहे हैं और वीजा संबंधी कुछ प्रतिबंध भी हटाए जा रहे हैं। शम्स ने यह भी स्पष्ट किया ।

# यूक्रेन युद्ध की शुरूआत के करीब तीन वर्ष बाद भी शांति की धुंधली उम्मीदें, हिंसक टकराव में उछाल

**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (डलउलफ) ने आगाह किया है कि रूसी सैन्य बलों द्वारा यूक्रेनी आम नागरिकों को हवाई हमलों के जरिए निशाना बनाया जाना जारी है। इसमें लंबी दूरी की मिसाइलों व ड्रोन विमानों समेत अन्य बमों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यूएन कार्यालय ने जोर देकर कहा कि अन्य स्थानों पर आम लोगों की तरह यूक्रेनी नागरिकों के पास भी शांति पाने का अधिकार है।

मानवाधिकार मामलों के लिए उप-उच्चायुक्त नाडा अल-नशीफ ने बुधवार को जिनीवा में मानवाधिकार परिषद को यूक्रेन में मानवाधिकारों की स्थिति पर आयोजित एक बैठक में बताया कि इन हमलों के जरिए यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र में और अधिक इलाके को अपने नियंत्रण में लेने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पर रूसी सैन्य बलों के पूर्ण आक्रमण के तीन वर्ष पूरे होने से पहले एक शांतिपूर्ण निपटारे की दिशा में प्रगति धुंधली नजर आ रही है, जबकि टकराव में खतरनाक तेजी आई है।

यह रिपोर्ट पिछले वर्ष 1 सितंबर से 30 नवंबर की अवधि पर आधारित है। रूसी सैन्य बलों के हमलों में अब तक 574 नागरिकों की जान जा चुकी है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। जुलाई 2022 के बाद सितम्बर महीने में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आम नागरिक हताहत हुए। उन्होंने कहा कि रूसी बमबारी में जल आपूर्ति, तापन व्यवस्था व परिवहन सेवाओं समेत बुनियादी ढांचे को भीषण क्षति पहुंची है। यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर भी बड़े हमले किए गए हैं।



### मानवतावादी कानून का हनन

डलउलफ उप-उच्चायुक्त द्वारा लगाए गए इन आरोपों को रूसी प्रतिनिधिमंडल ने खारिज करते हुए यूक्रेनी सैन्य बलों पर रूस के विभिन्न क्षेत्रों में आतंकी कृत्यों को अंजाम देने का आरोप लगाया। यूक्रेनी प्रतिनिधि ने रूसी सैन्य बलों के घातक हमलों की निंदा की। नए साल की पूर्व संध्या पर राजधानी कीव पर हुए हमलों में 100 ड्रोन विमानों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें दो लोग मारे गए व सात घायल हुए।

उप उच्चायुक्त अल-नशीफ ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, मानवतावादी कानून के बढ़ते उल्लंघन मामलों के प्रति सचेत किया और कहा कि युद्ध अपराधों को अंजाम दिए जाने की भी आशंका है। यूक्रेनी युद्धबंदियों ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थागत ढंग से यातना दिए जाने की बात कही है। उन्हें बुरी तरह मारा-पीटा गया, बिजली के झटके दिए गए, गला घोंटा गया और लम्बे समय तक एकांत कारावास में रखा गया।

# लेबनान में राष्ट्रपति के लिए फिर चुनाव 2 साल में 12 बार हो चुकी है कोशिश

**बेरूत ।** यह इतना मुश्किल हो गया है कि बीते दो वर्षों में लेबनान की संसद में 12 बार अगले राष्ट्रपति का चुनाव करने की कोशिश हुई, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से यह चुनाव अटक गया। लेबनान के पूर्व राष्ट्रपति मिशेल औन का कार्यकाल अक्तूबर 2022 में ही समाप्त हो चुका है, लेकिन अभी तक नए राष्ट्रपति का चुनाव नहीं हो सका है। अब उम्मीद की जा रही है कि गुरुवार के मतदान में नए नेता के नाम पर मुहर लग सकती है। लेबनान का राष्ट्रपति बनने की रेस में ये नेता सबसे आगे लेबनान का अगला राष्ट्रपति बनने की रेस में लेबनान की सेना के कमांडर जोसेफ औन का नाम सबसे आगे है। जोसेफ औन को अमेरिका और सऊदी अरब का भी समर्थन मिला हुआ है। ऐसे में जोसेफ औन का लेबनान का अगला राष्ट्रपति बनने की सबसे ज्यादा उम्मीद है। सुलेमान फ्रांगेह का नाम भी इस रेस में शामिल था। फ्रांगेह को हिजबुल्ला का भी समर्थन था। फ्रांगेह सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद का भी करीबी माना जाता है। हालांकि फ्रांगेह ने बुधवार को राष्ट्रपति पद की रेस से अपना नाम वापस ले लिया था और जोसेफ औन के नाम का समर्थन किया। जिसके बाद जोसेफ औन की दावेदारी और मजबूत हो गई थी।



**लेबनान की संसद में गुरुवार को एक बार फिर से राष्ट्रपति चुनने के लिए मतदान होगा**

लेबनान बीते 14 महीने से इस्राइल और हिजबुल्ला के संघर्ष में फंसा हुआ है। ऐसे में लेबनान को पुनर्निर्माण की जरूरत होगी। किसी भी नए राष्ट्रपति के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती होने वाली है। लेबनान में सांप्रदाय के आधार पर सत्ता साझा करने की राजनीतिक प्रणाली है, जिसके चलते राष्ट्रपति पद को लेकर यहां अक्सर गतिरोध देखने को मिलता है।

# ब्रिटेन को भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास गाथा पर दृढ़ विश्वास

**लंदन ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि ब्रिटेन को भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास गाथा पर दृढ़ विश्वास है। लोकसभा अध्यक्ष बिरला इस समय स्कॉटलैंड और ग्वेर्नसे द्वीप सहित ब्रिटेन के दौरे पर हैं। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में ओम बिरला ने ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष सर लिंडसे हॉयल और ब्रिटेन के सांसदों से मुलाकात की।



लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बातचीत से भारत-ब्रिटेन संसदीय सहयोग की मजबूती तथा विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी पर प्रभाव पड़ा। ब्रिटेन के सांसदों से मेरी अच्छी बातचीत हुई और उन्होंने भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास की गाथा में विश्वास दिखाया।

उन्होंने कहा कि हमारी चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी है, जिससे दुनिया भर में लोकतंत्र में विश्वास को मजबूत करने में मदद मिली है। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने पर गर्व करते हैं। मैं अपने संविधान के 75 साल पूरे होने पर भारत की नई संसद को देखने के लिए भी सभी को आमंत्रित करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति का पैमाना कई अन्य देशों से आगे निकल रहा है और आने वाले वर्षों में भारत निवेश आकर्षित करने वाले शीर्ष देश के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। 21वीं सदी के आने वाले दशक भारत के हैं।

इससे पहले लंदन में ब्रिटिश राजस्थानी समुदाय ने कोटा से सांसद ओम बिरला का स्वागत किया।

# मोजाम्बिक वापस लौटे मुख्य विपक्षी नेता मोंडलेन, सुरक्षा बलों ने समर्थकों पर छोड़े आंसू गैस के गोले

**मापुटो ।** मोजाम्बिक के मुख्य विपक्षी नेता गुरुवार को निर्वासन खत्म करके वापस देश लौटे। इस दौरान हवाई अड्डे पर पहुंचे उनके समर्थकों पर सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान कई समर्थकों की सुरक्षा बलों से झड़प भी हुई। मोजाम्बिक में अक्तूबर में हुए चुनावों के बाद लगातार हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। दक्षिण अफ्रीकी देश के मुख्य विपक्षी नेता वेनांसियो मोंडलेन ने चुनाव के बाद हो रही हिंसा के चलते हत्या के डर के चलते देश छोड़ दिया था। उन्होंने कहा था कि चुनाव के बाद देर रात अज्ञात बंदूकधारियों ने उनकी कार में उनके विपक्षी दल के दो वरिष्ठ सदस्यों की हत्या कर दी थी। इसके बाद वे देश छोड़कर चले गए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा था कि वह जल्द ही देश वापसी करेंगे। इसके बाद ने हवाई अड्डे की ओर जाने वाली सड़कों को भी अवरुद्ध कर दिया था। गुरुवार को देश की राजधानी मापुटो के मावलाने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मोंडलेन को विमान से उतरते देखा गया। इस दौरान हवाई अड्डे पर पहुंचे उनके समर्थकों पर सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े।



100 लोगों की हो चुकी मौत मोजाम्बिक में लंबे समय से सत्ता पर काबिज फ्रेलिमो पार्टी को नौ अक्तूबर को हुए चुनाव में विजेता घोषित किए जाने के बाद मोंडलेन के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हुए।

# कमला हैरिस ने कई देशों के नेताओं से की बात

## बतौर उपराष्ट्रपति अपनी अंतिम विदेश यात्रा से पहले की अहम चर्चा

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बुधवार को जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बात की। इसके अलावा उन्होंने कई देशों के नेताओं से भी फोन पर बातचीत की। कमला हैरिस ने उपराष्ट्रपति के रूप में अपनी अंतिम विदेश यात्रा से पहले इन नेताओं से बातचीत की है। हैरिस ने मैक्रों और शोल्ज के साथ बातचीत में बाइडन-हैरिस प्रशासन के दौरान इन नेताओं के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



इन नेताओं से भी बात की उपराष्ट्रपति ने बुधवार को बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटले, जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस, ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवलो और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो से भी बातचीत की। 13-17 जनवरी तक सिंगापुर, बहरीन और जर्मनी की यात्रा पर हैरिस के प्रेस सचिव अर्नेस्टो एप्रेजा ने बताया कि उपराष्ट्रपति 13-17 जनवरी तक सिंगापुर, बहरीन और जर्मनी की यात्रा पर रहेंगी। वह 20 जनवरी को ओहायो से सांसद जेडी वेंस को उप राष्ट्रपति पद का कार्यभार सौंपेंगी। ऐसे में उपराष्ट्रपति रहते हुए यह उनकी आखिरी विदेश यात्रा होगी।

उपराष्ट्रपति 15 जनवरी को सिंगापुर के नेताओं से मुलाकात करेंगी और चांगी नौसैन्य अड्डे का दौरा करेंगी। इसके बाद 16 जनवरी को वह मनामा, बहरीन में नेताओं से मिलेंगी और यात्रा के आखिरी दिन 17 जनवरी को वह जर्मनी जाएंगी।

### अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों पर चर्चा करेंगी

एप्रेजा ने कहा कि उपराष्ट्रपति बाइडन-हैरिस प्रशासन की पिछले चार वर्षों में प्रत्येक क्षेत्र में उपलब्धियों, संबंधित देशों के साथ अमेरिकी साझेदारी, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा में अमेरिकी सैन्य बलों के योगदान और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों पर चर्चा करेंगी। ट्रंप के पदभार ग्रहण करने का रास्ता साफ इससे पहले अमेरिकी कांग्रेस ने देश के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत को प्रमाणित कर 20 जनवरी को उनके पदभार ग्रहण करने का रास्ता साफ कर दिया था।

# पनामा नहर को लेकर विवाद गहराया

## सीईओ बोले- ट्रंप की योजना अराजकता को जन्म देगी

**नई दिल्ली ।** पनामा नहर से गुजरने वाले अमेरिकी जहाजों को तरजीही सुविधा देने की डोनाल्ड ट्रंप की मांग को लेकर जलमार्ग को चलाने वाले प्राधिकरण के प्रमुख ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम इस मांग को मान लेते हैं तो इसस अराजकता बढ़ेगी। पनामा नहर प्राधिकरण के सीईओ रिकुअर्टे वास्केज मोरालेस ने कहा कि नियम तो नियम होते हैं। इसमें कोई अपवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि हम चीनी या अमेरिकी या किसी और के लिए भेदभाव नहीं कर सकते। यह तटस्थता संधि, अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करेगा और इससे अराजकता पैदा होगी।



### जिमी कार्टर के समझौते से बदली कहानी

अमेरिका ने मध्य अमेरिकी नहर का निर्माण, स्वामित्व और संचालन तब तक किया, जब तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने 1970 के दशक में एक समझौता नहीं किया था। इसके तहत धीरे-धीरे महत्वपूर्ण जलमार्ग का नियंत्रण पनामा के अधिकारियों को सौंप दिया गया। ट्रंप ने बोला तीखा हमला अब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने इस समझौते के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया है। मंगलवार को उन्होंने इसे खत्म करने के लिए सैन्य कार्रवाई का उपयोग करने से इनकार कर दिया। हालांकि, रिपब्लिकन नेता ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने और पड़ोसी कनाडा के खिलाफ आर्थिक बल के इस्तेमाल की धमकी दी। पनामा नहर को लेकर ट्रंप काफी तीखे बोल बोल रहे हैं। उनकी सबसे तीखी आलोचनाओं में से एक यह है कि इसे चीन प्रभावी रूप से नियंत्रित कर रहा है।

### वास्केज ने किया खंडन

हालांकि, वास्केज मोरालेस ने इसे निराधार बताया। उन्होंने बताया कि हमारे संचालन में चीन की कोई भी भागीदारी नहीं है। एक तथ्य यह भी है कि एक चीनी कंपनी नहर के दोनों छोर पर दो बंदरगाहों का संचालन करती है। नहर खुद पनामा नहर प्राधिकरण द्वारा संचालित की जाती है।

### 'किसी और की तुलना में अधिक शुल्क नहीं लेता'

वास्केज ने जोर देकर कहा कि पनामा नहर प्राधिकरण अमेरिकी जहाजों से किसी और की तुलना में अधिक शुल्क नहीं लेता है। उन्होंने कहा कि इसके नियमों का एकमात्र अपवाद यह है।

# चीन ने बनाई दुनिया की सबसे ताकतवर मशीनगन 'मेटल स्टॉर्म

**बीजिंग ।** चीन ने दुनिया की सबसे ताकतवर मशीनगर बनाने में सफलता हासिल की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन की नई मशीनगन मेटल स्टॉर्म हर मिनट साढ़े चार लाख गोलियां दाग सकती है। साथ ही इस मशीनगन के गोलियां दागने की स्पीड सामान्य मशीनगन की तुलना में भी



बहुत ज्यादा है, जो इसे बेहद खतरनाक बनाती है। हाइपरसोनिक मिसाइल को भी कर सकती है तबाह गौरतलब है कि अभी तक दुनिया की सबसे खतरनाक मशीनगन अमेरिका की फालानक्स सिस्टम है, जो एक मिनट में साढ़े चार हजार गोलियां फायर कर सकती है। वहीं चीन की मशीनगन अमेरिका की मशीनगन से 100 गुना ज्यादा ताकतवर है, जो हर मिनट साढ़े चार लाख गोलियां दाग सकती है।

# हॉलीवुड हिल्स में आग से लॉस एंजिल्स में हाहाकार

## बाइडन ने रद्द की अंतिम विदेश यात्रा, ट्रंप ने बोला हमला

**कैलिफोर्निया ।** आग में जलकर पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि अग्निशमन दल ने तीन बड़ी आग पर काबू पा लिया है। लगातार बढ़ रही आग के चलते लॉस एंजिल्स के लोगों को घर छोड़ने के लिए कहा गया है।

वहीं अमेरिकी राज्य में आग की घटना के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी इटली की अंतिम विदेश यात्रा रद्द कर दी है। वे वॉशिगंटन में रहकर कैलिफोर्निया के हालात पर नजर रखेंगे। उधर, अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आग की घटना को लेकर सरकार पर बोला हमला।

उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही से आग बढ़ रही है। कैलिफोर्निया में पानी की कमी है। इसके चलते आग बुझाने में देरी हो रही है। एक हजार से ज्यादा इमारतें नष्ट, चारों ओर फैला धुआं बुधवार शाम से शुरू हुई आग हालीवुड बाउल और हॉलीवुड हिल्स के पास तक फैल चुकी है। अग्निशमन कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे हैं। वहीं सांता मोनिका क्षेत्र तक आग बढ़ने की आशंका के चलते लोगों को घर खाली करने के लिए आदेश दिए गए हैं। आग में अब तक एक हजार से अधिक इमारतें, घर नष्ट हो गए हैं। इसके अलावा 1.30 लाख लोगों को घर खाली करने के लिए कहा गया है। लगातार बढ़ रही आग के चलते लॉस एंजिल्स के चारों ओर धुआं ही धुआं नजर आ रहा है। लॉस एंजिल्स के मेयर कैरेन बास ने कहा कि कैलिफोर्निया और अन्य जगहों पर अग्निशमन दल मदद के लिए पहुंचे हैं।



**अमेरिका के दक्षिण कैलिफोर्निया के जंगलों के बाद हॉलीवुड हिल्स में भड़की आग से लॉस एंजिल्स में हाहाकार मचा हुआ है**

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने किया 'समय वृक्ष पर दिव्यांग धरोहर' का अनावरण

## भागीरथ सेवा संस्थान ने विकास भवन में लगाया दिव्यांग प्रेरणा पट्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिव्यांगजन के प्रति संवेदनशील गाजियाबाद के जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा संस्थान के सहयोग से दिव्यांगजन को समर्पित दिव्यांग प्रेरणा पट्ट 'समय वृक्ष पर दिव्यांग धरोहर' का विकास भवन में अनावरण किया गया।

इस पर आदिकाल के ऋषि अष्टवक्र और सूरदास से लेकर मानस मर्मज्ञ रामभद्राचार्य और आई ए एस सुहास एल वाई तक विश्व के महान दिव्यांगजन की उपलब्धियों को संदर्भित किया गया।

यह दिव्यांग प्रेरणा पट्ट विकास भवन में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय में लगाया गया जिसका उद्देश्य आमजन को दिव्यांगों के प्रति जागरूक करना एवं स्वयं दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा में शामिल होने एवं सभी के कंधे से कन्धा मिलाकर प्रगति करने के लिए प्रेरित करना है।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी सुधीर त्यागी, भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में दिव्यांग प्रेरणा पट्ट 'समय वृक्ष पर दिव्यांग धरोहर' का रिबन काटकर अनावरण किया।

### जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने की संस्थान की प्रशंसा



इस अवसर पर अमिताभ सुकुल, निदेशक, भागीरथ सेवा संस्थान ने जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को संस्थान द्वारा 49 वर्षों से किए जा रहे जनहित के कार्यों से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संस्थान द्वारा दिव्यांगजन, वृद्धजनों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## डॉ. अनिल अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से की शिष्टाचार भेंट



गाजियाबाद, करंट क्राइम। दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में भारत सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से डॉ. अनिल अग्रवाल ने गुरुवार को शिष्टाचार भेंट की एवं उन्हें नववर्ष की बधाई दी। डॉ. अनिल अग्रवाल के साथ भारत सरकार के खाद्य मंत्रालय में नामित सदस्य राहुल गोयल ने भी केंद्रीय मंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय मंत्री ने अनिल अग्रवाल से चुनावी चर्चा की और राहुल गोयल को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# प्रदीप चौहान वाल्मीकि बने अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष



### कार्यकर्ताओं ने नवयुग मार्केट वाल्मीकि पार्क में किया भव्य अभिनंदन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदीप चौहान वाल्मीकि को अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर वाल्मीकि समाज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा गाजियाबाद के नवयुग मार्केट वाल्मीकि पार्क में प्रदीप चौहान वाल्मीकि का भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महासभा से जुड़े वाल्मीकि कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन महानगर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के नेतृत्व में रखा गया था जिसमें पीके तक अध्यक्ष नगर निगम सफाई कर्मचारी, सफाई नायक संघ प्रवीण गहलोत, सनी वाल्मीकि ,नीरज वाल्मीकि, किरण पाल सिंह, विपिन वाल्मीकि आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया था। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में वाल्मीकि समाज की युवा कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया है कि आपके सम्मान के लिए निरंतर संघर्ष करता रहूंगा। वाल्मीकि महासभा का तीसरी बार अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।



मैं आशा करूंगा कि वाल्मीकि समाज को ज्यादा से ज्यादा संख्या में जोड़कर उनकी समस्याओं का निदान भारतीय जनता पार्टी की सरकार से कराऊंगा। कार्यक्रम का संचालन नीरज वाल्मीकि द्वारा किया गया।

# खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने हजारों की संख्या में जरूरतमंदों को बांटे कम्बल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर में शीतलहर को देखते हुए, कमजोर एवं असहाय लोगों को चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने गुरुवार को पालिका कार्यालय में कंबल वितरण किए। इस दौरान उन्होंने नगर के हजारों गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल दिए। नगरपालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा के हाथों कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

सप्ताह भर से पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पालिका चेयरमैन द्वारा जगह-जगह अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही खोड़ा के गरीबों को उनके द्वारा कम्बल का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में उन्होंने गुरुवार को नगर पालिका के हर वार्ड में 50-50 कंबल सभासदों द्वारा वार्ड में वितरण करने के लिए भी दिए गए हैं।



## उठते सवालों का करंट

दीपक भाटी
समाचार सम्पादक

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के चेहरे को लग गया है 10 मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी को लेकर शॉक? उन्होंने लगाई हुई थी अपने प्रिय से बहुत ही ज्यादा होप? जिस चेहरे का ये करते थे सबसे ज्यादा प्रचार? इस बार उनका दांव नहीं चल पाया यार? उन्होंने किसी को कराया अपने दर्द का एहसास? कहा बस आंसू नहीं आ रहे हैं, बाकी समझ जाओ दिल होगा कितना हमारा उदास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के गुर्जर चेहरे की डिब्बी से निकल कर बाहर आई एक बात? उन्होंने कहा आप देख रहे हो नदिया पार में कैसे हो गया है हमारी बिरादरी का सूपड़ा साफ? पिछली बार दो थे इस बार एक को भी नहीं मिला है मंडल में स्थान? उन्होंने कहा समय आने पर समाज इस बात का हिसाब मांगेगा? आखिर जब समय था तब क्यों समझा गया हमको अनजान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले त्यागी भगवा कमिश्नर एक समय तो मांग रहे थे अध्यक्ष वाला पद? उनकी दावेदारी की आग तोड़ रही थी सारी हद? मगर ना जाने क्यों बदला उन्होंने आखिर में अपना प्लान? सुना है अपनी बिरादरी के ब्रदर के लिए कर दी उन्होंने अपनी दावेदारी कुर्बान? राजेश भैया के बन गये वो वाहक? हम तो सोच रहे थे वो महानगर कार्यालय पर पहुंच कर नामांकन भरेंगे? मगर वो तो नजर आ रहे थे हमको प्रस्तावक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** समय-समय की बात है, समय लेता है हर वक्त मोड़? जिनके पास होती है ताकत उनका भी निकलता है कभी तोड़? सुना है नदिया पार के ओबीसी दावेदार के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ यार? उन्हें अपने एरिया से एक भी प्रस्तावक नहीं मिला? शहर में आकर उन्हें माहौल बनाना पड़ा यार? जब दिया उनकी बिरादरी वाले ब्रदर ने प्रस्ताव वाले मामले में साथ? तब कहीं जाकर बने उनके नामांकन के हालात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा महानगर अध्यक्ष बनने को लेकर अभी तो काफी सीन देने हैं दिखाई? अभी तो लगनी है पानी में आग? अभी तो बनना है बिन साबुन के झाग? हमने देखा जब चल रही थी महानगर अध्यक्ष पर चर्चा? तब दो बड़े जनप्रतिनिधियों के बीच में भड़क गई आग? सुना है इसके बाद हुई वर्मा जी के यहां मीटिंग? जहां पर दोनों में से एक जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचे साहब? नामांकन के दिन भी दिखाई दिया दूरियों का इफैक्ट? दिखाई नहीं दे रहे थे यहां पर एक जनप्रतिनिधि, नहीं पता चला उनका रिएक्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा नागर जी बने हैं गागर में सागर बनने वालों और पहलवानी दिखाने वालों के प्रस्तावक? सुना है इन्होंने इन दोनों के नामांकन पर किया है साईन? मगर पता चला है कि इनमें से एक का पर्चा वापस होना है? नहीं रहना है उनका मामला फाईन? देखना अब ये है कि भगवा नागर अब किस पर्चे पर अपने साईन करने वाली बात को लेते हैं वापस? एक हैं उनके बहुत प्रिय, दूसरों ने दिलवाई है उनको मंडल वाली ताकत?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ ऐसा ही घटा है गोपाल भैया और बॉबी भैया के साथ? इन दोनों के भी प्रस्तावक एक ही हैं, इन दोनों ने ही रखा है इस प्रस्तावक पर हाथ? देखना अब ये है कि जब पार्टी करेगी नामांकन में कांट-छांट वाली बात? तब कौन सा मंडल अध्यक्ष खड़ा करेगा इन दोनों में से किसी के खिलाफ अपना हाथ? इस मंडल अध्यक्ष की दरियादिली की चर्चा, इस वक्त बहुत हो रही है साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के एक पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कर दिया महानगर कार्यालय पर अपना हाल-ए-दिल प्रकट? कहा जब हमें एक साल के लिए ही अध्यक्ष बनाना था तो फिर क्यों भेजा गया उस वक्त मंडल वाली अध्यक्षी के निकट? अभी तो हम ठीक से संभाल भी नहीं पाये थे काम? इतनी जल्दी आ गया हमारे परिवर्तन का पैगाम? सौंफ से कर दी गई मिश्री अलग? अब बताओ कैसे छुयेंगे अब राजनीति का फलक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा चौधरी पार्षद को बनाया गया था जिला प्रतिनिधि? उन्हें नहीं पता था कि प्रतिनिधि बनने के बाद उनके पास आ जायेगा सिफारिशों का सैलाब? सुना है वो थे पार्टी कार्यालय पर मौजूद और उनका फोन लगातार घनाघना रहा था साहब? लगातार फोन के प्रेशर का निकाल दिया चौधरी साहब ने तोड़? कर दिया उन्होंने अपना मोबालईल स्वीच ऑफ? बाकी सारा मामला ऊपर वाले पर दिया उन्होंने छोड़?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के 10 मंडल अध्यक्षों की घोषणा में ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि का भी रहा है गेम? सुना है इस मुहिम में उन्होंने हैवीवेट वालों का तीन मंडलों पर दिया था भरपूर साथ? सामने आया है उनका ये क्लेम? कहने वाले ने कहा इस वक्त ताकतवर मैडम और हैवीवेट वालों की ट्यूनिंग हो गई है जोरदार? अध्यक्ष कौन बनेगा, इसकी पिक्च र इन दोनों ने कर ली है तैयार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# समलैंगिक ऐप पर डेटिंग कर करते थे ब्लैकमेल, 4 आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना फेज-3 पुलिस ने चार लोगों के एक गैंग को पकड़ा है। ये समलैंगिक गैंग गिंडर ऐप के जरिए लोगों से संपर्क करता है। उनसे प्रोफाइल मैच करता है। चैट करते है और अपने स्थान पर बुलाकर उनके साथ संबंध बनाते है। चैट और चोरी से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल , सगे संबंधियों को बताने का डर दिखाकर ब्लैक मेल करते है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर इन चारो आरोपी को सेक्टर-65 के बी ब्लाक पार्क के पास से गिरफ्तार किया। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि ये सभी 20-22 साल के युवक है। इनकी पहचान शनि, करन कुमार, रजत और तुषार के रुप में हुई है। इनके कब्जे से12 हजार 700 रुपये व एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड , एक आरसी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि ये लोग गिंडर समलैंगिक ऐप के माध्यम से अलग-अलग आईडी बनाकर लोगों को अपने पास बुलाते थे। उन्हे डरा धमकाकर पैसे ट्रांसफर करा लेते है व उनका सामान व कागजात ले लेते है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इन चारो ने मिलकर ग्राइंडर समलैंगिक ऐप पर अक्की गोस्वामी नाम की आईडी वाले लड़के को फंसाने का प्लान बनाया। हमने शनि नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। प्रोफाइल मैच होने के चलते गोस्वामी ने एक्स्पेट की। इसके बाद चैट शुरू की। कुछ दिनों तक चैट करने के बाद उसे कमरे पर बुलाया। शनि उसे अपने साथ ममूरा स्थित कमरे पर ले गया। इसके बाद गोस्वामी की जेब में रखे 4000 रुपए निकाल लिए।

वहीं पर चारो आ गए। गोस्वामी को ब्लैकमेल करने लगे। बोले तुम समलैंगिंक हो इसकी जानकारी घरवालों और रिश्तेदार को बता देंगे। तुम्हारी चैट और वीडियो भी वायरल कर देंगे।

अगर बचना है तो अपने खाते में जितने रकम है सब ट्रांसफर कर दो। पीड़ित ने गूगल-पे के जरिए 14,300 रुपए और पीड़ित के भाई से 10,000 रुपए शनि के खाते में कुल 24300 रुपए ट्रांसफर कराए। यही नहीं पीड़ित का आधार कार्ड ,पैन कार्ड व आरसी भी अपने रख ली।

# एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में संपन्न हुआ प्लेसमेंट फैलिसिटेशन, छात्र हुए प्रोत्साहित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए मेरठ रोड स्थित एच० आर० आई० टी० यूनिवर्सिटी में आज प्लेसमेंट फैलिसिटेशन समारोह का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन कर चांसलर डॉ अनिल अग्रवाल, प्रो वाइस चांसलर डॉ अंजुल अग्रवाल, वाइस चांसलर डॉ डी के शर्मा एवं वैशाली अग्रवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विश्विद्यालय के चांसलर डॉ अनिल अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए रोजगार में बढ़ते हुए अवसरों के बारे में जागरूक किया। वाइस चांसलर डॉ डी के शर्मा द्वारा छात्रों को नौकरी में प्रोत्साहित करने के लिए भी सुझाव दिए गए। समारोह में नीतिका शर्मा को 40 लाख रुपए सालाना का पैकेज नोएडा स्थित प्राक्टर कंपनी व ऋषभ शर्मा को 35 लाख रुपए सालाना का पैकेज मोहिनी टी कंपनी का नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही अन्य सफल विद्यार्थियों को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

समारोह में एमबीए, बीसीए, बीबीए के छात्र उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विभिन्न पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। समारोह को सफल बनाने में निर्दोष अग्रवाल, समृद्धि त्यागी, रश्मि त्यागी, शैलेन्द्र सोनी, सी एन सिंहा, अलका बंसल, नीलिमा, जोगेश सक्सेना, शबनम जैदी, जैन सिंह का विशेष योगदान रहा।

# 25 हजार का इनामी कबाड़ी गिरफ्तार

## मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चुराकर दुबई और कंबोडिया में बेचते थे, 15 लाख का माल बरामद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्राइम ब्रांच ने 25000 के इनामी कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। कबाड़ी अपने गैंग के साथ मिलकर मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चुराया करते थे। इस गैंग ने देश के आगे राज्यों में मोबाइल टावरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। चुराया गया सामान यह लोग दुबई और कंबोडिया में बेचा करते थे। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से दो आरआर बैटरी जिनकी कीमत 15 लाख है बरामद हुई है। गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद राय ने बताया की 25000 का इनामी बदमाश इरशाद को क्राइम ब्रांच ने वेवसिटी इलाके से गिरफ्तार किया है। इरशाद अपने पूरे गैंग के साथ देश के कई राज्यों में मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चुरा लिया करते थे। ये कॉर्पोरेट तरीके से काम किया करता था। एक टीम उपकरण चुराती थी दूसरी उसको विदेश में जैसे दुबई और कंबोडिया देश में भेजा करती थी। इरशाद पर पुलिस ने 25000 का इनाम घोषित किया था। इरशाद के कब्जे दो आरआर यूनिट जिनकी कीमत 15 लाख रुपए है बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक इस गैंग के 10 सदस्य अभी और पकड़े जाने बाकी है जबकि इस गैंग के 45 अपराधी जेल भेजे जा चुके है।

# पुलिस पर समझौते के लिए दवाब बनाने का आरोप, डीसीपी से की गई शिकायत

**नोएडा (करंट क्राइम)।** रबूपुरा कोतवाली एरिया के गांव रौनीजा गांव निवासी एक व्यक्ति ने स्थानीय पुलिस पर दर्ज हुए एक केस में समझौते का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। इस मामले में पीड़ित ने डीसीपी से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। डीसीपी को सौंपे गए पत्र के मुताबिक, गांव रौनीजा निवासी हंसराज का आरोप है कि 24 दिसंबर को उसके बेटे धीरज को रबूपुरा के पास बुलाकर एक युवती ने अपने साथियों के साथ मिलकर धारधार हथियार से हमला कर उसकी हत्या का प्रयास किया था। पीड़ित ने घटना में नामजद युवती और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। आरोप है कि फैसले का दबाव बनाने के लिए पुलिस ने पीड़ित के खिलाफ ही रेप का फर्जी मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि थाना प्रभारी और एसीपी ने पीड़ित को ही हथकड़ी लगाकर घंटो थाने में बैठाये रखा और धमकाया गया कि अगर केस वापस नहीं लिया तो परिवार सहित रेप के झूठे केस में जेल भेज देंगे। आरोप है कि समझौता नहीं करने पर पुलिस ने आरोपी युवती से मिलीभगत कर पीड़ित पर रेप, एससी एसटी एक्ट आदि गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। जहां पीड़ित पक्ष को डीसीपी ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।





# सर्राफ की दुकान से लाखों का जेवरात चोरी

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के कोतवाली इलाके में एक सर्राफ की दुकान का शटर काटकर 3 लाख रुपए सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार गांधी गंज निवासी अमित वर्मा की गांव सबली में सरार्फा की दुकान है। देर रात चोर उनकी दुकान का शटर और ताला तोड़कर अंदर घुस आए। चोर वहां से लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गई। पीड़ित दुकानदार दुकान पर पहुंचा तो वह चोरी की घटना को देखकर दंग रह गए। इसके बाद वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने बताया कि चोर उनके यहां से 3 तोले सोने के आभूषण तथा ढाई किलो चांदी के आभूषण चोरी हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस चोर की तलाश में जुटी है। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि चोरी की सूचना के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक रूप चौधरी ने ड्यूटी पर मौजूद वृद्ध चौकीदार को कम्बल वितरित किया। यहां उनकी इस चैरिटी की सबसे खूबसूरत बात है ये है कि उन्होंने पहले चौकीदार के फेस को कवर किया फिर मदद के संदेश को साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।